राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 93 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मुलाकात की।

## चीन ने फिर की हिमाकत

### चीन ने अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले, 5 साल में तीसरी बार ऐसी हरकत, नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलतीः भारत

**टीम एक्शन इंडिया/ अरुणाचल प्रदेश**

**चीन** ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

**अरुणाचल की राजधानी ईटानगर के नजदीकी इलाके का नाम भी बदलाः** दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को दक्षिणी तिब्बतका हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' के मुताबिक सोमवार को चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने 11 नाम बदले जाने को मंजूरी दे दी। यह सभी इलाके जेंगनेन (चीन के दक्षिण राज्य शिजियांग का हिस्सा) में आते हैं। इनमें से 4 रिहायशी इलाके हैं। इनमें से एक इलाका अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के बेहद करीब है। 5 पहाड़ी क्षेत्र और दो नदियां हैं।



**चीन की हरकत**

**= अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा: विदेश मंत्रालय**

### क्या इससे सच में नाम बदल जाएंगे?

**इसका** जवाब है- नहीं। दरअसल, इसके लिए तय रूल्स और प्रॉसेस है। अगर किसी देश को, किसी जगह का नाम बदलना है तो उसे यूएन ग्लोबल जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट को पहले से जानकारी देनी होती है। इसके बाद, यूएन के जियोग्राफिक एक्सपर्ट उस इलाके का दौरा करते हैं। इस दौरान प्रस्तावित नाम की जांच की जाती है। स्थानीय लोगों से बातचीत की जाती है। तथ्य सही होने पर नाम बदलने को मंजूरी दी जाती है और इसे रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है।

### अरुणाचल और अक्साई चिन पर भी विवाद

**दोनों** देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है। अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है। चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।

चीन ने इन इलाकों के नाम मन्दारिन और तिब्बती भाषा में रखे हैं। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है। 2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, 'जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं।

## आतंकी ग्रुप ने कश्मीर के संघ लीडर्स को धमकी दी

### रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 नेताओं की टारगेट लिस्ट जारी की, कहा- खून बहाएंगे



**निशाना बनाएंगे**

**= आतंकी ग्रुप की यह धमकी संघ प्रमुख मोहन भागवत के 1 अप्रैल को दिए गए बयान के बाद आई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**आतंकी** ग्रुप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के संघ नेताओं को धमकी दी है। रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 लीडर्स के नामों की लिस्ट जारी की है। फ्रंट ने कहा है कि हम इन नेताओं का खून बहाएंगे। आतंकी ग्रुप की यह धमकी संघ प्रमुख मोहन भागवत के 1 अप्रैल को दिए गए बयान के बाद आई है। भागवत ने कहा था- आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। अखंड भारत एक सच था और बंटा हुआ भारत एक बुरा सपना।

### लश्कर की एक शाखा है रेजिस्टेंस फ्रंट

**जम्मू-कश्मीर** में एक्टिव रेजिस्टेंस फ्रंट लश्कर-ए-तैयबा की ही एक शाखा है। यह फ्रंट जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के खिलाफ ऑनलाइन कैंपेन भी चलाता है। कुछ रिपोर्ट्स में पुलिस के हवाले से बताया गया कि कराची से इस ऑनलाइन कैंपेन के 6 महीने बाद ही इस फ्रंट ने जमीन पर अपना संगठन तैयार किया। यह तहरीक-ए-मिल्लत इस्लामिया और गजनवी हिंद जैसे दूसरे संगठनों जैसा है।

**भागवत ने कहा था- जो भारत से अलग हुए, क्या वो खुश हैं?:** भागवत ने कहा था कि अखंड भारत यानी अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और तिब्बत यह एक साथ थे। बंटा हुआ भारत बुरा सपना है। ये 1947 के पहले का भारत था।

## हुगली में फिर हिंसा, पथराव



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में रामनवमी से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। हुगली के रिसड़ा इलाके में सोमवार देर रात रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव हुआ। पूर्वी रेलवे के कौशिक मित्रा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात 10 बजे से 1 बजे तक हावड़ा-बैंडल रूट पर सभी लोकल, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। घटना के बाद रिसड़ा स्टेशन के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। वहीं, हुगली में हिंसा के बाद राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने दार्जिलिंग का अपना प्रोग्राम रद्द कर दिया है और कोलकाता के लिए रवाना हो गए। वे यहां से सीधे रिसड़ा पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया। बोस ने कहा- उपद्रवियों को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। सभी एजेंसियों और पुलिस फोर्स अपना काम कर रही हैं। बंगाल लंबे समय से ऐसी घटनाओं से पीड़ित है, हम इसका अंत करेंगे।

## संविधान खतरे में, भाजपा खत्म करने की कर रही तैयारीः शशि



**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार सिर्फ अपने मन की बात सुना रही है। वह जनता के मन की बात सुनना ही नहीं चाहती। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब सरकार खुद संसद नहीं चलने देना चाहती। लगातार संसद ठप की जा रही है, ताकि विपक्ष के नेता कुछ भी बोल न सकें। संविधान खतरे में है और भाजपा अब इसे भी खत्म करने की तैयारी कर रही है। शशि थरूर मंगलवार को इंदौर में रवीन्द्र नाट्यगृह में अधिवक्ताओं द्वारा संविधान का संरक्षण और संविधान का उत्थान विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने केन्द्र सरकार पर जाति के नाम पर देश को बांटने का आरोप लगाया।

## देश में कोरोना के 3,038 नए मरीज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,038 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान सात संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 2,069 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,77,204 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.76 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 21,179 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 1.84 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 1,894 खुराक दी गई हैं। देश में अबतक कोरोना से बचाव के टीके की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 1,64,740 लोगों की जांच की गई है।

## पीओके असेंबली में शारदा पीठ कॉरिडोर के लिए प्रस्ताव पारित



**श्रीनगरः** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की असेंबली के रवैये में बड़ा बदलाव आया है। अब तक भारत विरोधी और आतंकवादियों के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने वाली पीओके असेंबली ने शारदा माता पीठ में तीर्थ के लिए भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव पारित किया है। ये घटनाक्रम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर शारदा माता पीठ के लिए भी कॉरिडोर बनाने की बात कही थी। इस बीच, सेव शारदा कमेटी ने पीओके असेंबली के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा है कि 75 साल बाद शारदा माता पीठ में जाकर तीर्थ की आस जगी है।

## शीघ्र गठित होगा उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**निर्देश दिए**

**= उच्च और प्राविधिक कॉलेजों के साथ ही अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में भी एक ही आयोग के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती होगी**

**उत्तर** प्रदेश में अब बेसिक शिक्षा, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक कॉलेजों के साथ ही अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में भी एक ही आयोग के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में शीघ्र उप्र शिक्षा चयन आयोग का गठन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है।

## 'अडानी की शेल कंपनियों में लगे 20 हजार करोड़ किसके'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने पूछा है कि अडानी की शेल कंपनियों में लगे 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देजनर कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में चल रही है। बैठक में शामिल होने पहुंचे राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अडानी की शेल कम्पनियों में 20 हजार करोड़ बेनामी हैं। आखिर यह पैसा किसका है।



**पूछा सवाल**

**= राहुल ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि मीडिया उनसे हमेशा भाजपा के पूछे गए सवालों को पूछता है**

## 2023-24 में भारत की 6.3 फीसदी रहेगी जीडीपीः विश्व बैंक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व** बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। विश्व बैंक ने पहले भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में खपत में कमी आने की वजह से भारत की जीडीपी वृद्धि धीमी पड़कर 6.3 फीसदी पर आ सकती है, जो पहले के 6.6 फीसदी के अनुमान से कम है।

## राजस्थान में राइट टू हेल्थ लागू

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**सरकार** और चिकित्सकों बीच राइट टू हेल्थ (आरटीएच) को लेकर लंबे समय चल रहा गतिरोध मंगलवार को समाप्त हो गया। चिकित्सकों और सरकार के बीच आठ मांगों पर समझौता होने के साथ ही राजस्थान राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि चिकित्सकों का जनहितैषी कानून पर सहमत होना सुखद संकेत है। गहलोत ने कहा है कि सभी प्रदेशवासियों ने इस बिल के पक्ष में राज्य सरकार का सहयोग किया और आगे बढ़कर इस जनहितैषी बिल का स्वागत किया है। अब चिकित्सकों की भी इस महत्वपूर्ण बिल पर सहमति बनना सुखद संकेत है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी चिकित्सक तुरंत प्रभाव से काम पर वापस लौटेंगे और स्वास्थ्य का अधिकार, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आरजीएचएस जैसी योजनाओं को सरकारी एवं निजी अस्पताल मिलकर सफल बनाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निजी एवं सरकारी अस्पतालों ने जिस तरह कोरोनाकाल में बेहतरीन प्रबंधन कर मिसाल कायम की, उसी तरह इन योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू कर राजस्थान मॉडल ऑफ पब्लिक हेल्थ पेश करेंगे।



**कैबिनेट फैसले** शिवराज कैबिनेटः बुधनी में मेडिकल कॉलेज और प्रदेश में खुलेंगे 730 पीएमश्री स्कूल

## चमक विहीन गेहूं खरीदेगी शिवराज सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिये गए। सरकार ने तय किया है कि ओले-बारिश से चमक छोड़ चुके और पतले हुए गेहूं की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। बैठक में सीहोर के बुधनी में मेडिकल कॉलेज और प्रदेश में 730 पीएमश्री स्कूल खोले जाने को भी स्वीकृति दी गई। कुएं और बावड़ियां क्षतिग्रस्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर कराने का फैसला भी हुआ है।



गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि ओला पीड़ित किसानों को 32 हजार रुपये हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने ओला प्रभावित जिलों के प्रभारी मंत्रियों से गांव-गांव जाकर किसानों से चर्चा करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि जिन जिलों में ओले गिरे हैं, वहां प्रभारी मंत्री खुद एक बार चेक कर लें। उनकी रिपोर्ट के बाद ही हम कार्यक्रम कर सिंगल क्लिक में सारे जिलों में एक साथ मुआवजा राशि डालेंगे। किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ भी मिल जाए, यह भी सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने बैठक में मंत्रियों को जानकारी दी कि 10 प्रतिशत तक चमक विहीन गेहूं समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने की केंद्र से मंजूरी मिली है। 10 प्रतिशत से अधिक चमक विहीन गेहूं खरीदने पर प्रति क्विंटल पांच रुपये 31 पैसे का नुकसान सरकार को उठाना होगा।



# आज भारत विश्व शक्ति बन चुका है: रामनाथ

## भारत की बढ़ी हुई शक्ति का ही प्रमाण है कि हम रूस-युक्रेन युद्ध के बीच वहां से अपने 23 हजार ये अधिक विद्यार्थियों को सकुशल वापिस लेकर आए

**8 भारत की बढ़ी ताकत अहिंसा और सर्वकल्याण की भावना है। भगवान महावीर ने मानवता को अहिंसा का संदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि आज भारत विश्व शक्ति बन चुका है। भारत की बढ़ी हुई शक्ति का ही प्रमाण है कि हम रूस-युक्रेन युद्ध के बीच वहां से अपने 23 हजार ये अधिक विद्यार्थियों को सकुशल वापिस लेकर आए। यह बात उन्होंने पानीपत टीडीआई सिटी में आयोजित भगवान महावीर जयंती कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि के रूप में कही।

इस मौके पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की धर्मपत्नी सविता कोविंद, जैन मुनि समर्पण सागर जी महाराज, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उपस्थित जनसमूह को भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की बढ़ी ताकत अहिंसा और सर्वकल्याण की भावना है। भगवान महावीर ने मानवता को अहिंसा का संदेश दिया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम बड़ी से बड़ी चुनौती को पार कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीरों में वीर भगवान महावीर हैं। जिस कालखंड में भगवान महावीर हुए उसी कालखंड में भगवान बुद्ध भी हुए। बिहार के राज्यपाल रहते हुए मुझे इन दोनों महान विभूतियों के बारे में जानने का अवसर मिला। मेरा मानना है कि दोनों ही महान विभूतियों की भेंट जरूर हुई होगी। दोनों ने लोक कल्याण के लिए जीवन समर्पित किया। बिहार में भगवान महावीर की जन्मस्थली और निर्वाण स्थली हैं। दोनों स्थलों के दर्शन जैन समुदाय ही नही सभी लोगों को करने चाहिए। इन दोनों स्थानों के दर्शन से नई प्रेरणा मिलती है। हमारे सभी 24 तीर्थंकरों ने मानवता को जनकल्याण की बड़ी सीख दी। जीओ और जीने दो के सिद्धांत की शिक्षा दी। संयम और सेवा का मार्ग अपनाकर जैन संतों ने मानवता को नई राह दिखाई है और आगे भी दिखा रहे हैं।






### 'जैन परम्परा के तीन सिद्धांत सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक आचरण'

जैन परम्परा के तीन सिद्धांत सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक आचरण हैं। इन तीनों को अपनाकर जीवन की किसी भी समस्या से पार पाया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध का विराम हो सकता है तो वह भारत के दिखाए रास्ते से से ही सम्भव है। यह एक तरह से विश्व युद्ध है। केवल यूक्रेन नहीं पूरी मानवता का नुकसान हो रहा है। जब युद्ध शुरू हुआ तो सभी देशों ने हाथ खड़े कर दिए थे लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से बात की और यूक्रेन में पढ़ाई कर कर रहे अपने छात्रों को सुरक्षित भारत लेकर आए। यह भारत की ताकत ही है कि विद्यार्थी भारत का तिरंगा लेकर चले और यूक्रेन से बाहर निकल कर आए। 23000 बच्चों की जान जोखिम में थी। वहां से विद्यार्थियों को सुरक्षित निकालने का काम एक विश्व शक्ति ही कर सकता है। उन्होंने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि पहले भारत के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री विदेश जाते थे तो कोई मंत्री रिसीव करने आते थे। 2017 के बाद मैने देखा है कि बाहर जाने पर राष्ट्रपति ही नहीं प्रधानमंत्री भी रिसीव करने आए हैं। यह केवल भारत के बढ़ते प्रभाव के कारण ही हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना नियंत्रण पर जिस प्रकार हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जबरदस्त काम किया , उसी का परिणाम है कि विश्व ने हमारा लोहा माना। उन्होंने कहा कि प्रकृति का नियम है जो आप देते हैं तो वो कई गुना वापस होकर आपको मिलता है।

### 'पानीपत की धरती जनकल्याण की भावना से आगे बढ़े'

**भगवान** महावीर के संदेश का पालन करें। दया, दान की भावना होनी चाहिए। उनकी शिक्षाओं का पालन करें। उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्रीकृष्ण ने दुनिया को गीता का संदेश दिया, उसी धरती के निकट पानीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया था, उसके लिए सभी का सहयोग रहा है। पानीपत की यह धरती जनकल्याण की भावना से आगे बढ़े यही सभी संकल्प लें।

इस मौके पर भगवान महावीर विश्वविद्यालय के चांसलर नंद किशोर, पवन जिंदल , पानीपत के उपायुक्त सुशील सारवान, एसपी शशांक कुमार सावन, डीआरओ डॉ. राजकुमार भौरिया एवं काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम मनोहर लाल को घेरने में जुटी कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भिवानी दौ**रे के दौरान जज पर टिप्पणी कर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को विरोधी मुश्किल में फंसाने में जुट गए हैं। कांग्रेस ने इस मामले की शिकायत पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में की है। शिकायत में सीएम के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। राज्य के पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी एवं हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने यह शिकायत की है। हालांकि सीएम खट्टर अपने इस बयान पर खेद जता चुके हैं।

**हम ऑफिसर ऑफ दी कोर्ट, हमें पीड़ा हुई :** हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट को भेजी शिकायत में कहा गया है कि हम भी वकील है जो कि ऑफिसर ऑफ दी कोर्ट होता है, इस वजह से हमे भी पीड़ा हुई है जो गत दो अप्रैल को भिवानी जिले के खरक कलां गांव में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह कहकर अदालत की आपराधिक अवमानना की थी कि एक जज है, उसके माथे में कुछ गड़बड़ है।

**बाबुल सुप्रियो बनाम पश्चिम बंगाल का हवाला:** सीएम के खिलाफ की गई शिकायत में एक फैसले को बाबुल सुप्रियो बनाम पश्चिम बंगाल राज्य और अन्य का हवाला दिया है। 14 अक्टूबर 2020 में यह माना गया है कि लोगों के प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने व्यवहार में विनम्र, अपने शिष्टाचार में गरिमापूर्ण और उनके द्वारा बोले गए शब्दों पर सतर्क रहें। इस मामले में भी अवमाननाकर्ताओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू किए जाने की कोर्ट से मांग की गई है।

# पानीपत में धूमधाम से मनाये जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी पूरी

## सबसे ज्यादा आयकर देने वाला व बीपीएल कार्ड वाले व्यक्ति एक साथ करेगी भगवान की आरती

**8 56 महिलाएं एक तरह की पगड़ी व एक तरह की ही ड्रेस पहन कर भगवान जी को छप्पन भोग लगाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत में** 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाये जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव की सभी संस्थाओं ने संयुक्त रूप से सारी तैयारियां पूरी कर ली है। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में मंगलवार को दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा और समाजसेवी विकास गोयल ने बताया कि पानीपत में सबसे ज्यादा आयकर देने वाला और बीपीएल कार्ड वाला व्यक्ति एक साथ एक ज्योत से भगवान जी की आरती करेंगे। जबकि सुनीता गोयल व आरती सिंगला सहित 56 महिलाएं एक तरह की पगड़ी व एक तरह की ही ड्रेस पहन कर भगवान जी को छप्पन भोग लगाएगी। वही सबसे पहला पहला भोग मानव सेवा समिति शिवपुरी के वेद मक्कड़ अयोध्या के रामलला मंदिर से लाकर भगवान को लगाएंगे। पानीपत के सभी प्रमुख राजनीतिक परिवार हनुमान जी के लिए मीठे पराठे बनाकर लाएंगे। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा, पूर्व विधायक बलबीर पाल शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बुल्ले शाह, कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, आप नेता कृष्ण अग्रवाल, युवा कांग्रेस नेता विपुल शाह आदि के घरों की रसोई से हनुमान जी के लिए मीठा प्रसाद बन कर आएगा।

वहीं ज्योतिश्वर का पवित्र जल स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज एवं इलाहाबाद प्रयाग का पवित्र जल स्वामी अरुण दास जी महाराज लाएंगे। किन्नर समाज गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को पंच मेवा से बोलकर वह प्रसाद जनता को वितरित करेगा। पानीपत जिले के अति प्राचीन मंदिर चुलकाना धाम, श्याम मंदिर,श्री जगन्नाथ मंदिर, श्री देवी मंदिर व श्री दिगंबर जैन मंदिर अनोखे ढंग से नगर यात्रा पर निकले स्वयंभू प्रकट ईश्वर महाराज का अभिवादन व अभिनंदन करेंगे।



# मकान पर आसमानी बिजली गिरने से घरेलू समान जला

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

गांव कंडेला में मंगलवार सुबह एक मकान पर आसमान बिजली गिरने से घरेलू सामान जल कर राख हो गया। इसके अलावा दर्जनभर पड़ोसियों के बिजली उपकरण भी जल गए। घटना के दौरान परिजन बाहर बरामदे में सोए हुए थे। गांव कंडेला निवासी रणबीर के मकान पर मंगलवार अलसुबह बूंदाबांदी के दौरान आसमानी बिजली गिर गई। जिससे घर के बिजली उपकरण जल गए। घर में रखा घरेलू समान जल कर राख हो गया। घटना के दौरान रणबीर परिवार समेत बरामदे में सोया हुआ था। जो सुरिक्षत बच गया। इसके अलावा दर्जनभर पड़ोसियो के बिजली उपकरण, फ्रीज, एलईडी, बिजली मोटरें, बिजली फिटिंग व अन्य उपकरण जल गए। मकान मालिक रणबीर ने बताया कि मंगलवार को सुबह अचानक से बारिश शुरू हो गई। जिसके चलते वो परिवार समेत मकान के आगे बने बरामद में सो गया। कुछ समय के बाद आसमानी बिजली कडकने की आवाज आई। जो धमाके में बदल गई। जिसके साथ पूरा इलाका थर्रा उठा। एक बार लगा कुछ नहीं बचा। कुछ क्षण में स्थिति सामान्य हो गई। घर में जो बिजली उपकरण थे उनके जलने की बदबू आने लगी।

# विभागीय तबादले न्यायसंगत एवं ऑनलाइन पॉलिसी के अनुसार

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

आबकारी एवं कराधान विभाग रोहतक और हिसार के कर निरीक्षकों और लिपिकों के ऑनलाइन तबादले न्यायसंगत एवं विभाग की ऑनलाइन पॉलिसी के अनुसार हुए है और इन तबादलों में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। तबादला नीति में भ्रष्टाचार, अनियमितता और पक्षपात को लेकर छपी खबर के बारे में विभाग के प्रवक्ता ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह तबादले सरकार द्वारा जारी नीति और एनआईसी द्वारा तैयार किए गए सोफ्टवेयर के तहत बनाई गई सूची के आधार पर किए गए हैं। सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर का विभाग ने तथ्यों के आधार पर खंडन किया है।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की सरलीकरण नीति के तहत कुछ पदों को ऑनलाइन तबादले के लिए ब्लॉक किया जाता है ताकि सभी दफ्तरों में कर्मचारियों की समान रूप से पदस्थापना की जाए। इसी कड़ी में जब ऑनलाइन प्रक्रिया को शुरू किया गया तो रोहतक में कर निरीक्षकों के दो पद तथा हिसार में लिपिकों के तीन पदों को ब्लॉक कर दिया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि तबादला प्रक्रिया को फरवरी माह में पूरा कर लिया गया, लेकिन 28 फरवरी 2023 को रोहतक में श्रीमती सुशीला की सेवानिवृत्ति के कारण कर निरीक्षक का एक पद रिक्त हो गया, वहीं हिसार में कप्तान सिंह के पद मुक्त होने से लिपिक का एक स्थान खाली हो गया। वहां पद ब्लॉक करने की प्रक्रिया फरवरी माह में पूरी की गई। वहीं सॉफ्टवेयर गतिशील होने की वजह से इन खाली पदों को भी तबादलों के लिए ऑनलाइन प्रणाली द्वारा विचारा गया।

# तीन युवकों ने लॉरेंस के नाम पर मांगी पांच करोड़ रुपए की फिरौती

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

कैथल के रहने वाले तीन युवकों ने लारेंस बिश्नोई के नाम पर पिहोवा के व्यक्ति से पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। पीड़ित मूलत कैथल के गांव सीवन का रहने वाला है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी रामचंद्र, संदीप व जयपाल कैथल के रहने वाले हैं। कुरुक्षेत्र सीआईए-2 के इंचार्ज प्रतीक कुमार ने बताया कि कैथल के सीवन निवासी बलविंदर को 29 मार्च को सुबह 11 बजे एक विदेशी नम्बर से एक वाट्सअप पर कॉल आई।

उसने फोन अटैंड किया तो फोन करने वाले ने अपने आपको लॉरेंस का भाई बताया। उन्होंने कहा कि जयपाल पाई को 5 करोड रुपए दे दें। बलविंदर ने कहा कि उसका उससे कोई लेना देना नहीं है। न ही उसके पास इतने पैसे हैं, तो फोन करने वाले ने कहा कि वह आपसे सम्पर्क करेगा, उसको पैसे दे देना। दोबारा कॉल करने का कहकर उसने फोन काट दिया। इसकी शिकायत पर थाना शहर पेहवा में आईपीसी की धारा 387 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# पानीपत में रेस्ट हाउस के गेट के पास प्याऊ का किया उदघाटन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**धर्म** परमार्थ सभा पानीपत और आर्य बाल भारती स्कूल प्रबंधक समिति के संयुक्त तत्वावधान में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के गेट के पास मंगलवार को एक प्याऊ स्थापित की गई है। इस प्याऊ का उदघाटन स्कूल प्रबंधक समिति के मैनेजर आर्य राजेंद्र जागलान ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा व सम्मानित अतिथि के रूप में स्कूल के कोषाध्यक्ष आर्य मेहताब मलिक, प्राचार्या रेखा शर्मा, आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य, स्कूल के उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा और रमेश मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म परमार्थ सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय शर्मा बडौली ने की। वहीं मुख्य अतिथि आर्य राजेंद्र जागलान ने कहा कि अब आगे गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है और राहगीरों व स्थानीय लोगों के पीने के पानी के लिये यहा पर प्याऊ बनाई गई है ताकि लोगों को स्वच्छ पीने का पानी मिल सके। स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि प्याऊ के संचालन में प्रबंधन समिति द्वारा हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा।

# 'महापुरूषों के बताएं रास्ते पर चलकर ही आगे बढ़ना संभव'

**हिसार।** हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भगत शिरोमणि धन्ना जाट जयंती समारोह के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पहली बार महापुरूषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाना शुरू किया है। इसी कड़ी में 23 अप्रैल को जींद के धनोरी में भगत शिरोमणि धन्ना जाट जयंती समारोह मनाया जा रहा है।

# डिप्टी स्पीकर ने किया 51 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने मंगलवार को गांव कैमरी में 51 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से लागू किया गया है ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जा सके। डिप्टी स्पीकर ने यादव धर्मशाला के निर्माण के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 15 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने उन्हें अवगत करवाया कि गांव में पीने की पानी की सबसे बड़ी समस्या है। इस पर डिप्टी स्पीकर कहा कि गांव में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएंगी, जिस पर लगभग सात करोड़ की राशि का एस्टीमेट बनाया गया है, जल्द ही इस समस्या का दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के तहत गांव से खेत के कच्चे रास्तों को पक्का करवाया जा रहा है। बरसाती पानी की जल निकास को लेकर बोरवेल स्थापित किए जाएंगे ताकि पानी की निकासी शीघ्र की जा सके।



उन्होंने गांव गंगवा से कैमरी रोड तक के रास्ते को दुरुस्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

डिप्टी स्पीकर ने बताया कि अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए राज्य सरकार ने चिरायु हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों को घर उपलब्ध करवाने के लिए ऑनलाइन सेवाएं शुरू की गई है।

# 'विकास के नाम पर देश को गर्त में धकेलने का कार्य कर रही भाजपा'

## उझा रोड स्थित एकता विहार कॉलोनी में जनसभा के माध्यम से हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाकर कांग्रेस के साथ जोड़ा कॉलोनीवासियों को

**टीम एक्श इंडिया/पानीपत**

**वरिष्ठ कांग्रेस** नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये व कांग्रेस की राष्टीय महासचिव एव छत्तीसगढ़ प्रभारी ओर सभी वर्गो की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा के निदेर्शानुसार व देश में जन जन के प्रिय नेता राहुल गांधी की सोच को आम व्यक्ति तक पहुचाने के लिये पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं0 13 उझा रोड़ स्थित एकता विहार कॉलोनी में प्रेम रावल, आजाद व संजय बटार द्वारा एक जनसभा का आयोजन किया गया । जिसमें कॉलोनीवासी ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया । उपस्थित कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ काग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने कहा है कि काँग्रेस पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोडो अभियान के माध्यम से काँग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के सन्देश को लेकर ग्रामीण हल्के के कोने कोने में हर व्यक्ति तक जायेगे । पवार ने कहा कि विकास के नाम पर देश गर्त कि धकेलने का कार्य भाजपा मोदी सरकार कर रही है । आज व्यापारी, दुकानदार, किसान, मजदूर सभी भाजपा सरकार की कुनीतियों के बहुत परेशान है उनकी सुनने वाला कोई नही है चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है । पवार ने पूरे जिम्मेदारी के साथ दावा किया कि राहुल गांधी एक ईमानदार व सच्चाई के साथ लड़ाई लड़ने वाले नेता है इसलिये राहुल गांधी जो कहते है उससे कभी पीछे नही हटते है ओर न ही वह किसी डरते है क्योंकि वह एक सच के साथ बोलते है । उन्होंने कहा कि सभी वर्गों की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा के आदेशानुसार पिछले डेढ माह से पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की बाहरी कॉलोनीयो में हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत अलग अलग कॉलोनियो में व्यापक तरीके से जनसम्पर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुये काँग्रेस पार्टी की लोक कल्याणकारी नीतिय के सभी को पर्चे बाटकर अवगत करावा रहे है। काँग्रेस नेता ने कहा कि आज की वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी दलों की आवाज को पूरी तरह से दबाकर लोकतंत्र का गला घोटकर देश की जनता पर तानाशाही शासन करना चाहती है। सभी कॉलोनीवासियों ने ओमवीर सिंह पावर का खुलकर साथ देने व कंधे से कंधा मिलाकर भविष्य में साथ चलने का आश्वासन दिया।



# जैन स्थानक में आयोजित शिविर में 176 लोगों ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**महावीर** जयंती एवं गुरु सुदर्शन जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे मंगलवार को अग्रवाल मंडी स्थित जैन स्थानक में रेडक्रास की मदद से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर मे 176 युवाओं ने रक्तदान किया। जैन स्थानक अग्रवाल मंडी मे विराजित गुरु सुदर्शन लाल जी महाराज के शिष्य अजीत मुनि जी महाराज साहब की प्रेरणा से शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य रूप से संगठन सेवा दिल से की टीम, भगवन प्रोफेशनल फोरम एवं लिनेस युथ क्लब का सहयोग रहा। वहीं प्रधान गौतम जैन ने कहा कि सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करते रहना चाहिये। सुभाष जैन ने कहा की रक्तदान ही सबसे बड़ा दान है। इस अवसर पर समाजसेवी जगदीश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद विजय जैन, सौरव जैन, विनय जैन, राजेश जैन, आशीष जैन, प्रेरित गुप्ता, नमन जैन, सुशील जैन, रजत जैन, आरती जैन, सार्थक जैन, कपिल जैन, हर्ष जैन, जतिन जैन, भव्य जैन, आदीश जैन, अचल जैन, वैभव जैन, वंदन जैन, सोनू जैन व अमन जैन आदि मौजूद रहे। इस मौके पर रेडक्रास ब्लड बैंक की इंचार्ज डा. पूजा सिंगल व उनकी टीम मौजूद रही।






# 'अब एमसीडी के स्कूल भी बनेंगे वर्ल्ड क्लास'

## शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर ने शिक्षा निदेशालय व एमसीडी के अधिकारियों के साथ की संयुक्त समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

दिल्ली सरकार के स्कूलों में आई शिक्षा क्रांति अब एमसीडी के स्कूलों में भी पहुंचेगी। इस दिशा में आगामी सत्र के लिए दोनों विभागों के एक्शन प्लान को जानने के लिए शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ओबराय ने मंगलवार को एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती, शिक्षा सचिव अशोक कुमार सहित शिक्षा निदेशालय, एमसीडी व एससीईआरटी के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुंचाने के लिए शिक्षा निदेशालय और एमसीडी साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों को विदेशों में ट्रेनिंग मिली, जिसने शिक्षा क्रांति में अहम भूमिका निभाई और अब एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग का रोडमैप तैयार करने की जरूरत है। इन ट्रेनिंग की मदद से हमारे एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों का



### 'स्कूलों के लिए संयुक्त ट्रेनिंग का एक्शन प्लान बनें'

**शिक्षकों** की ट्रेनिंग को लेकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने एससीईआरटी के अधिकारीयों को निर्देश दिए कि,नए सत्र से दिल्ली सरकार और एमसीडी के स्कूलों के लिए संयुक्त ट्रेनिंग का एक्शन प्लान बनाया जाये साथ ही उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र के लिए एमसीडी और शिक्षा विभाग के स्कूल प्रमुखों के लिए जॉइंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करने के निर्देश भी दिऐ उन्होंने कहा कि ये दोनों विभागों के शिक्षकों के लिए एक दूसरे से सीखने का भी बहुत अच्छा मौका साबित होगो उन्होंने कहा कि हर साल एमसीडी स्कूलों से लाखों बच्चे दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 6 में दाखिला लेते है इन बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को समझने के लिए जरुरी है कि दिल्ली सरकार और एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों की संयुक्त ट्रेनिंग की जाऐ ये ट्रेनिंग दोनों विभागों के शिक्षकों का प्रोफेशनल और स्किल डेवलपमेंट तो करेगी ही साथ ही यह एक अवसर भी होगा।

आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्हें वर्ल्ड-क्लास एक्सपोजर मिलेगा, जिससे वो अपने स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दे सकेंगे। शिक्षकों की ट्रेनिंग को लेकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने एससीईआरटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए सत्र से दिल्ली सरकार और एमसीडी के स्कूलों के लिए संयुक्त ट्रेनिंग का एक्शन प्लान बनाया जाये। साथ ही उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र के लिए

**पहल**

**= दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों को विदेशों में ट्रेनिंग मिली जिसने शिक्षा क्रांति में अहम भूमिका निभाई**

एमसीडी और शिक्षा विभाग के स्कूल प्रमुखों के लिए जॉइंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ये दोनों विभागों के शिक्षकों के लिए एक दूसरे से सीखने का भी बहुत अच्छा मौका साबित होगा। उन्होंने कहा कि हर साल एमसीडी स्कूलों से लाखों बच्चे दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 6 में दाखिला लेते हैं, इन बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को समझने के लिए जरूरी है कि दिल्ली सरकार और एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों की संयुक्त ट्रेनिंग की जाए। ये ट्रेनिंग दोनों विभागों के शिक्षकों का प्रोफेशनल और स्किल डेवलपमेंट तो करेगी ही, साथ ही यह एक अवसर भी होगा, जहां शिक्षक एक दूसरे के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी समझ सकेंगे।

## दिल्ली में कोविड से दो मरीजों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ मौत के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, कोरोना के 293 मामले सामने आए। वहीं स्वस्थ होने पर 280 मरीजों को छुट्टी दी गई। जबकि दो मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़ कर 1406 हो गए हैं।

इनमें से होम आइसोलेशन में 1022 और अस्पतालों में 91 मरीज भर्ती हैं। इनमें से 9 वेंटीलेटर पर, 51 आईसीयू पर और 26 ऑक्सीजन सपोर्ट पर भर्ती हैं। रविवार को 1581 मरीजों की जांच हुई जिसमें 18.53 फीसदी मरीज संक्रमित पाए गए।



शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबेरॉय ने एमसीडी स्कूलों के संविदा शिक्षकों से मुलाकात की। शिक्षा मंत्री और मेयर ने शिक्षकों के अनुबंधों के नवीनीकरण संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही उनके अनुबंधों के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाएगा।

## एलजी ने इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना काम की प्रगति की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल (एलजी) विनय सक्सेना ने डीडीए द्वारा विकसित की जा रही इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना काम की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की। एलजी ने कहा झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए बने कुल 1,675 फ्लैटों पर लगभग 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष काम 30 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। एलजी का कहना है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जहां



झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत सभी फ्लैट आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। राज निवास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीडीए की जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के आधार पर कालकाजी इन सीटू पुनर्वास परियोजना के बाद ये फ्लैट गरीब से गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री के समावेशी दृष्टिकोण को पूरा करने में एक लंबा रास्ता तय करगा। राज निवास ने बयान में कहा कि निमार्णाधीन 1,675 फ्लैटों में से 1093 ऐसे हैं, जहां जेलरवाला बाग के झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जाएगा। शेष 582 फ्लैटों को अन्य स्थानों के लोगों के लिए आवंटित किए जाएंगे। फ्लैटों में लगभग 10,000 निवासियों के रहने का अनुमान है। ये फ्लैट पूरी तरह से आरसीसी संरचना से बने हैं और भूकंप प्रतिरोधी हैं।

## गोगी गिरोह का सरगना मेक्सिको से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने वांछित गैंगस्टर और गोगी गिरोह के सरगना दीपक बॉक्सर को मेक्सिको से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने इसके लिए वहां की जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) का सहयोग लिया है। गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को एक-दो दिन में भारत लाया जाएगा। वह दिल्ली एनसीआर के सबसे बड़े और मोस्ट वांटेड गैंगस्टर में से एक है। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिये विदेश भागा था। पुलिस को आशंका है कि वह पिछले साल दिसंबर या फिर इस साल जनवरी में मेक्सिको भागा था। दरअसल,



**भारत लाया जाएगा**

**= गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को एक-दो दिन में भारत लाया जाएगा। वह मोस्ट वांटेड गैंगस्टर में से एक है**

पुलिस को हाल ही में एक पासपोर्ट के बारे में पता चला था, जिस पर फोटो तो दीपक बॉक्सर की लगी थी लेकिन वह पासपोर्ट एक दूसरे व्यक्ति मुरादाबाद निवासी रवि अंतिल के नाम पर बना था। यह फर्जी पासपोर्ट इसी साल 29 जनवरी की तारीख में बना था। रवि के छद्म नाम पर दीपक ने इस पासपोर्ट के जरिए कोलकाता से मेक्सिको के लिए फ्लाइट पकड़ी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दीपक बॉक्सर को अमित गुप्ता नाम के बिल्डर की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस को तलाश थी। अमित गुप्ता की हत्या अगस्त 2022 में बुराड़ी इलाके में हुई थी। हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन्हें कई गोलियां मारीं थीं। इसके बाद अस्पताल में इलाज के दौरान अमित गुप्ता की मौत हो गई थी।

## दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली मिलती रहेगी, कैबिनेट ने लगाई मुहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** बिजली की सब्सिडी केजरीवाल सरकार देती रहेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लग गई है। बिजली सब्सिडी को लेकर गत कुछ दिनों से चल रहे आरोप-प्रत्यारोप पर विराम लगाते हुए केजरीवाल सरकार ने नए वित्त वर्ष में भी गत वर्षों की तरह बिजली सब्सिडी जारी रखने का फैसला लिया है।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंगलवार को मंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली में गत वर्षों की तरह बिजली सब्सिडी जारी रहेगी। 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को कोई बिल नहीं देना होगा और उसके बाद 400 यूनिट तक 50 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी और पहले की तरह बिजली अलग-अलग वर्गों किसानों, वकीलों, 1984 दंगा पीड़ित परिवारों को मिलती थी, वह सब मिलेंगी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सड़कों की साफ-सफाई के लिए 70 मैकेनिकल स्वीपर मशीनें खरीदी जाएंगी। इसका ऐलान बजट में भी किया गया था। दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में ये मशीनें साफ सफाई का काम करेगी।

## 'पीड़िताओं का अस्पतालों में बिना किसी देरी के हो मेडिकल टेस्ट'

**सिफारिश**

**= दिल्ली सबसे असुरक्षित महानगरीय शहर है और देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग को दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में यौन हिंसा की पीड़ितों का चिकित्सीय परीक्षण करने में देरी को रोकने के लिए कुछ अहम सिफारिशें की हैं। एनसीआरबी की क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2022 के अनुसार दिल्ली सबसे असुरक्षित महानगरीय शहर है और देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राजधानी में रोजाना रेप की औसतन छह घटनाएं हो रही हैं। अपराधों की चिंताजनक संख्या के साथ-साथ यौन हमले की पीड़ितों द्वारा झेली जाने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए पीड़िताओं के लिए सहायता प्रणालियों को तत्काल मजबूत किया जाना चाहिए। डीसीडब्ल्यू ने अपने ऑब्जर्वेशन का हवाला देते हुए कहा है कि



### 'अस्पतालों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित हो'

**डीसीडब्ल्यू** ने सिफारिश की है कि इनमें से प्रत्येक अस्पताल में तत्काल वन स्टॉप सेंटर स्थापित किया जाए। जांच में यह भी पता चला कि ऐसे 5 चरण थे, जिनमें पीड़िताओं की एमएलसी के दौरान देरी का अनुभव किया गया। इनमें आपातकालीन कक्ष में, पीड़िता का यूपीटी परीक्षण करते समय, स्त्री रोग विशेषज्ञ की प्रतीक्षा करते समय, नमूनों को सील करते समय और दस्तावेजीकरण प्रक्रिया के दौरान ये खामियां मिलीं। उदाहरण के लिए अरुणा आसफ अली अस्पताल में यूपीटी परीक्षण वन स्टॉप सेंटर के अंदर नहीं बल्कि अस्पताल के एक अलग तल या विंग में किया जा रहा है। इसके अलावा कलावती शरण अस्पताल यूपीटी परीक्षण किटों को संग्रहीत नहीं करता है, परिणामस्वरूप पीड़िता को यूपीटी परीक्षण के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल (जो एक काफी दूर है) जाने के लिए मजबूर किया जाता है और फिर एमएलसी के लिए कलावती के पास वापस जाना पड़ता है।

राजधानी के सरकारी अस्पतालों में वन स्टॉप सेंटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे चिकित्सीय परिक्षण करने में काफी देरी हो रही है। इस संबंध में डीसीडब्ल्यू ने सरकारी अस्पतालों में यौन हिंसा की शिकार महिलाओं को हो रही दिक्कतों के कारणों का पता लगाने के लिए दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था। इस प्रक्रिया में गंभीर कमियों की पहचान की गई। इसके साथ ही यह देखा गया कि गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, स्वामी दयानंद अस्पताल और हेडगेवार अस्पताल जैसे कुछ अस्पतालों में वन स्टॉप सेंटर ही नहीं है।

## बीजेपी की कांग्रेस फाइल्स में कोयला घोटाले का एपिसोड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी ने लगातार तीसरे दिन कांग्रेस फाइल्स का तीसरा वीडियो जारी किया है। बीजेपी के ट्विटर हैंडल पर रिलीज किए इस वीडियो में यूपीए गवर्नमेंट में कोयला घोटाले के बारे में बताया गया है। वीडियो के साथ लिखा गया है- 'कोयले की दलाली में काले हुए हाथ की कहानी।' 2004 से 2009 के बीच कोयला खदानों के ठेके दिए गए। जब ये घोटाला सामने आया तो पूरी यूपीए सरकार पर कालिख पुत गई थी। मनमोहन सिंह जब दूसरी बार

**तीसरा वीडियो जारी**

**= 'कोयले की दलाली में काले हुए हाथ की कहानी।' 2004 से 2009 के बीच कोयला खदानों के ठेके दिए गए'**

प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन उनके कार्यकाल की कम और घोटाले की ज्यादा चर्चा रही। इसी बीच 100 कंपनियों को नियमों के विरुद्ध जाकर कोयला खदानों का ठेका दिया गया। बेहद सस्ती कीमतों पर और बगैर नीलामी किए, ठेके निजी कंपनियों को दिए गए। इससे 1



लाख 86 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। इस दौरान कोयला मंत्रालय शिबू सोरेन और मनमोहन सिंह के पास था। तीन मिनट के पहले एपिसोड के वीडियो की शुरूआत होती है कांग्रेस का मतलब समझाने से। जिसमें लिखा है- कांग्रेस मतलब करप्शन। इस वीडियो में नैरेटर ने कांग्रेस के 70 साल के शासन के घोटालों का जिक्र किया है। इसमें कोयला घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम, कॉमनवेल्थ घोटाले का जिक्र है। आखिरी मिनट में नैरेटर कहता है- कांग्रेस के घोटालों की ये तो सिर्फ झांकी है, पिक्चर अभी बाकी है। पढ़ें पूरी खबर...

**दूसरा वीडियो : पेंटिंग से कमाए 2 करोड़ सोनिया के इलाज में खर्च:** कांग्रेस फाइल्स के दूसरे वीडियो में एमएफ हुसैन की पेंटिंग की खरीद-फरोख्त से जुड़ी बातें बताई गई हैं।

## शाहदरा में जुआ सिंडिकेट का पुलिस ने किया भंडाफोड़



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने शाहदरा जिले के गीता कालोनी में जुआ सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने सिंडिकेट से जुड़े 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 20 हजार से ज्यादा कैश, 10 मोबाइल फोन और अन्य जुए से संबंधित सामान को जब्त किया है।

**1 अप्रैल को पुलिस ने मारा था छापा:** डीसीपी शाहदरा रोहित मीणा ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि सनी गीता कॉलोनी में सट्टा ऑपरेशन चला रहा था। इसके बाद पुलिस ने 1 अप्रैल को छापा मारा और मौके से 12 लोगों को पकड़ा। पकड़े गए तीन लोगों की पहचान धर्मेंद्र, विशाल

**12 गिरफ्तार**

**= पुलिस ने आरोपितों के पास से 20 हजार से ज्यादा कैश, 10 मोबाइल फोन और अन्य जुए से संबंधित सामान को जब्त किया**

और सचिन के रूप में हुई है, जो मुनीम के रूप में कार्यरत हैं और 9 पंटर्स को गिरफ्तार किया गया है।

**20 हजार से ज्यादा की रकम जब्त:** पुलिस ने कहा कि कुल 20,100 रुपये कथित रूप से दांव पर लगे पैसे और जुए के अन्य सामान भी मौके से जब्त किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गीता कॉलोनी निवासी सन्नी अवैध जुआ रैकेट का सरगना है।

## पुलिस चौकी के पास युवक को चाकुओं से गोदा

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के बाड़ा हिन्दूराव इलाके में तीन लड़कों ने अपने परिचित युवक को पुलिस चौकी के पास चाकू से गोद दिया। आरोपित युवक से स्कूटी चोरी करने में मदद के लिए कह रहे थे। साथ देने से इनकार करने पर आरोपित भड़क गए। उन्होंने उससे कैश, मोबाइल व कागजात लूटने के बाद उसे चाकू से गोद दिया।

## कोरोना काल में पैरोल पर बाहर आए 4 हजार कैदियों में सिर्फ 22 ही पहुंचे जेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कोरोना** काल में इमजेंसी पैरोल व अंतरिम जमानत पर रिहा किए गए 4045 कैदियों की वापसी सोमवार से शुरू हो गई। दिल्ली की विभिन्न जेलों में 22 कैदी पहुंचे। कैदियों को अधिकतम 7 अप्रैल तक जेल में आत्मसमर्पण करना है। उम्मीद है कि अधिकांश कैदी छह या सात अप्रैल को जेल पहुंचेंगे। जेल प्रशासन के मुताबिक शीर्ष अदालत के आदेश से सभी कैदियों को अवगत करा दिया गया।

**7 अप्रैल को करना होगा आत्मसमर्पण:** कैदियों को यह बता दिया गया कि वे हर हाल में सात अप्रैल तक आत्मसमर्पण करें। तिहाड़, रोहिणी व मंडोली में एक-एक महानगर दंडाधिकारी कोर्ट की ओर से तैनात किए गए हैं, जो कैदियों के लिए कस्टडी वारंट जारी कर रहे हैं। जेल के इन कैदियों को इनके समक्ष पेश



होना है। यदि कोई कैदी इनके समक्ष रिहाई का अनुरोध करता है तो सुनवाई के पश्चात यदि अदालत चाहे तो उस कैदी को कुछ दिनों की और मोहलत मिल सकती है।

**जेल संख्या चार से 550 कैदियों का होगा स्थानांतरण:** प्रशासन के मुताबिक तिहाड़ जेल में करीब 3750 कैदी है, जो क्षमता से करीब पांच गुना अधिक है। ऐसे में अभी यहां से 550 कैदियों को दूसरे जेलों में स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया है। ये वे कैदी हैं जो काफी समय से इस जेल में रह रहे हैं। जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू होगी।

## इनामी भगोड़े को यूपी सरकार ने दे रखा था सरकारी ठेका, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस और यूपी की गाजियाबाद, नोएडा पुलिस में सामंजस्य की भारी कमी सामने आई है। दिल्ली पुलिस ने जिस सिविल इंजीनियर को भगोड़ा घोषित करवाया हुआ था और उसके चार्टर्ड एकाउटेंट भाई समेत उसकी गिरफ्तारी पर 50-50 हजार इनाम रखा हुआ था उस सिविल इंजीनियर को यूपी सरकार ने करोड़ों रुपये के सरकारी ठेके दिए हुए थे। आरोपी ने नोएडा में तीन-चार वर्ष से सरकारी ठेके लिए हुए थे। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने वाले सिविल इंजीनियर रवीश वत्स को उसके चार्टर्ड एकाउटेंट भाई

**शिकंजा**

**= 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने वाले सिविल इंजीनियर को चार्टर्ड एकाउटेंट भाई के साथ गिरफ्तार किया है**

रवीन वत्स के साथ गिरफ्तार किया है। रवीन ने प्राइवेट ठेके ले रखे थे। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एकदंत वेलफेयर सोसायटी के अधिकृत प्रतिनिधि राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि वर्ष 2012 में मैसर्स एल्पाइन रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड (डेवलपर) ने एक ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू किया था और जनता से बुकिंग आमंत्रित की थी। डेवलपर ने फ्लैटों का कब्जा सौंपने का आश्वासन दिया




था। डिवेलपर की बातों पर भरोसा करते हुए शिकायतकर्ता ने उक्त ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक कराकर कुल 11.7 करोड़ रुपये निवेश कर दिए थे। आरोपियों ने 350 निर्दोष लोगों से 200 करोड़ रुपये से ज्यादा ले लिए थे। परियोजना स्थल पर केवल कंकाल टावर का निर्माण किया गया है। डेवलपर ने बाद में निवेशकों को फ्लैटों का कब्जा नहीं दिया था और न ही पैसे दिए। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा मामला दर्जकर आरोपियों भाइयों की तलाश कर रही थी।

**ऐसे पकड़े गए दोनों भगोड़े:** कोर्ट ने दोनों भाइयों रवीश व रवीन को नवंबर, 2022 में भगोड़ा घोषित कर दिया था। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दोनों की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। शाखा की साइबर सेल में तैनात एसीपी पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एसआई सतवंत सिंह व एएसआई हरविंदर की टीम दोनों की तलाश कर रही थी। हवलदार आनंद को 26 मार्च को सूचना मिली कि रवीश वत्स केरला से फ्लाइट से दिल्ली आएगा। इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह व एसआई सतवंत सिंह की टीम ने सेक्टर-46 नोएडा गौतमबुद्ध नगर यूपी निवासी रवीश वत्स को आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। छोटे भाई सेक्टर-49, नोएडा गौतमबुद्ध नगर गाजियाबाद यूपी निवासी रवीन वत्स को उत्तरांचल प्लाजा मॉल सेक्टर-3, वसुंधरा गाजियाबाद में घेराबंदी कर 30 मार्च पकड़ लिया।

### लिए हुए थे सरकारी ठेके

**दोनों** आरोपियों ने ठगी की बात स्वीकार की है। ये पुलिस से बचने के लिए गाजियाबाद में छिपकर रह रहे थे। मूलरूप से प्रतापगढ़, यूपी निवासी रवीश वत्स पेशे से सिविल इंजीनियर है। उसने नोएडा व गाजियाबाद में सरकारी ठेके लिए हुए थे। पेशे से चार्टर्ड एकाउटेंट रवीन ने प्राइवेट ठेके ले रखे थे।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें आज सुनी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय नारायणगढ रोड प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष राकेश कुमार खन्ना करेंगे। सभी शिकायतों का मौके पर निपटान किया जाएगा।

### मरणोपरांत शहर दुर्गा नगर के ललित धमीजा ने नेत्रदान कर दिखाई मानवता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जाते-जाते दे गए दो लोगों को नई जिंदगी दुर्गा नगर अंबाला शहर के रहने वाले ललित मोहन धमीजा पुत्र स्व. श्री कुलदीप दर्शन धमीजा जी जाते जाते दो लोगों को नई जिंदगी दे गए । उनकी आंखें समाजसेवी सतनाम नागपाल जी द्वारा माधव नेत्र बैंक को दान में दी गई जिससे दो लोगों को रोशनी मिलेगी और नई जिंदगी मिलेगी प्रसिद्ध समाजसेवी सतनाम नागपाल जी ने बताया की दो चुटकी राख या दो बंधुओं को आंख यह फैसला आपका है आंखें जिन दो लोगों को लगाई जाती हैं उन दोनों को नई जिंदगी मिलती हैउनकी उनकी माता हरीश धमीजा जी ,बहन ज्योति बत्रा , रेनू गांधी, कंचन जुनेजा, सीमा मनोचा, भाई प्रदीप जी ने बताया कि जहां ललित मोहन धमीजा के जाने की कमी महसूस हो रही है वह दुख हो रहा है कि ललित मोहन धमीजा को हम बचा नहीं पाए लेकिन उनकी आंखों को बचा लिया है समाजसेवी सतनाम नागपाल हर समय 24 घंटे समाज सेवा में जुड़े रहते हैं सतनाम नागपाल जी ने जीते जी अपने ऑर्गन डोनेशन बॉडी डोनेशन और आई डोनेशन के फार्म पीजीआई को भरकर दे रखे हैं क्योंकि मरने के बाद इस इस शरीर को मिट्टी हो जाना है अगर जो कोई मरने उपरांत भी ऑर्गन डोनेशन बॉडी डोनेशन या आई डोनेशन करना चाहता चाहते हैं तो उसके लिए फॉर्म भर सकता है उनके नंबर 9416955732 पर संपर्क कर सकते हैं

### जंडली में माता के मंदिर से इनवर्टर बैटरी व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला में चोरों का कहर तेजी से बढ़ता जा रहा है। बीती रात चोरों ने अम्बाला शहर के माता के मंदिर जंडली से हजारों रूपए मूल्य की इन्वरटर बैटरी व कुछ नकदी चोरी कर ली। शहर के सेक्टर 9 थाना में दी शिकायत में हिमांशु, जस्सी, बलविंद्र सिंह, वीर सिंह ने कहा है कि वह माता के मंदिर में सेवादार है। रात को वह मंदिर बंद कर ताला लगाकर गए थे। लेकिन सुबह जब आए तो देखा इन्वरटर बैटरी व नकदी गायब थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पिछले कई दिनों से अपनी मांगो को लेकर भूख हड़ताल कर रहे कर्मचारियों को सरकार ने बातचीत के लिए कल 5 अप्रैल को बुलाया है। चंडीगढ में शिष्ट मंडल के साथ स्थानीय निकाय मंत्री कमल कुमार गुप्ता से बातचीत होगी। जिसमें नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष सेवा राम सहित लगभग 11 लोग शामिल होंगे।

### वोगस्टार ब्यूटी पेजेंट कम फैशन शो: शिवानी सवारेंगी और वैशाली और रूबल तैयार करेंगी पोशाकें

**चंडीगढ़।** वोगस्टार, महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा एक समावेशी मंच है जहाँ उनकी विशिष्ट पहचान बनाई जाती है; जयपुर में अखिल भारतीय फैशन वीक कम ब्यूटी पेजेंट का आयोजन कर रहा है। पंजाब की शिवानी डावर अपने मेकअप कौशल से प्रतियोगियों की सुंदरता बढ़ाएगी जबकि वैशाली आर कपूर और रुबल ग्रेवाल वोगस्टार ब्यूटी पेजेंट कम फैशन शो 2023 के लिए नए जमाने के परिधान तैयार करने के लिए दिन-रात काम कर रहीं हैं। 14 से 16 अप्रैल 2023 को ले मेरिडियन होटल में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम विविधता में एकता के बारे में एक संदेश फैलाने के लिए तैयार है। फैशन और सौंदर्य के आगामी भव्य आयोजन के प्रतियोगी 20 उभरते फैशन डिजाइनरों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट कृतियों को डिजाइन करेंगे और देश भर के 10 मेकअप कलाकारों द्वारा तैयार किए जाएंगे। प्रतिभागियों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए पंजाब से शिवानी डावर का चयन किया गया। जिग्यासा जॉली इस कार्यक्रम की राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर हैं, जो ग्रैंड फिनाले में अपने ब्रांड मोडोकाल्डो का प्रदर्शन भी करेंगी। अन्य डिजाइनरों में पंजाब से रूबल ग्रेवाल और वैशाली आर कपूर हैं। ग्रैंड फैशन वीक कम ब्यूटी पेजेंट की अवधारणा के बारे में बात करते हुए, वोगस्टार की संस्थापक कीर्ति चौधरी ने कहा, मैं हमेशा ब्यूटी पेजेंट इंडस्ट्री के मौजूदा मानदंडों को चुनौती देना चाहती थी, जो मेरी राय में आउटडेटेड और पार्शियल हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इंडस्ट्री हमेशा एक निश्चित आकार, रंग या आकार के रूढ़िवादिता से जुड़ा रहा है। यह वह समय है जब हम महिलाओं की सराहना करना शुरू करते हैं कि वे कौन हैं न कि उनकी शारीरिक विशेषताओं के लिए। मेरा उद्देश्य लोगों को यह एहसास कराना है कि हर महिला सुन्दर है। दो श्रेणियों में विभाजित इस प्रतियोगिता में मिस वोगस्टार इंडिया और मिसेज वोगस्टार इंडिया के तहत तीन नेशनल विजेताओं को ताज पहनाया जाएगा। मिसेज वोगस्टार इंडिया को आगे दो समूहों में वर्गीकृत किया गया है, जहां समूह में 18-35 आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं के लिए होगा जबकि समूह 2 उन महिलाओं के लिए होगा।

# पीकेआर जैन कॉलेज में मनाई महावीर जयंती

## महावीर स्वामी के जीवन और उनकी शिक्षाओं के ऊपर एक वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पी.के.आर. जैन (पी.जी.) कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के जीवन और उनकी शिक्षाओं के ऊपर एक वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन गतिविधि प्रभारी डॉ. अपनप्रीत जस्सर द्वारा करवाया गया। जिसमें बी.एड. व एम.एड. के छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता को डिजिटल प्रारूप से आयोजित करने का उद्देश्य एनईपी द्वारा अनुशंसित मौजूदा डिजिटल प्लेटफार्म और चल रहे आईसीटी-आधारित शैक्षिक पहलुओं के अनुकूलन और विस्तार के लिए वर्तमान जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों को




पूरा करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ पवित्र नवकार मंत्र का उच्चारण कर किया गया। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी जी के चरणों में पुष्प अर्पण व सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर उनकी वंदना की गई। छात्रों ने अपनी वीडियोज के

**8 मानव जाति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले भगवान महावीर स्वामी जी का जीवन स्वयं ही उनका संदेश है**

माध्यम से महावीर स्वामी के जीवन व उनकी शिक्षाओं को बखूबी दर्शाया। निर्णायक मंडल की भूमिका सहायक प्रो. डॉ. पूनम साहनी व रेनू चन्द्र ने निभाई। उन्होंने निष्पक्ष निर्णय देते हुए निष्ठा (1203) व शिवानी (1502) को प्रथम, रूपाली (1340), महिमा (1211) व हरप्रीत (1221) को द्वितीय, कंचन (1446) व कृति (1397) को तृतीय स्थान तथा टविंकल (1446) व खुशबू (1416) को सांत्वना पुरस्कार दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक समिति के प्रधान धर्मपाल जैन , सचिव संजीव जैन , सह-सचिव आशीष जैन , कैशियर पंकज जैन , कॉलेज कन्वीनर दीपक जैन व पुनीत जैन ने संयुक्त वक्तव्य में महावीर जयंती पर्व की शुभकामनाएं दी। और कहा कि महावीर स्वामी जी ने अहिंसा को जैन धर्म का आधार बनाया। उन्होंने जियो और जीने दो के सिद्धान्त पर जोर दिया। सबको एक समान नजर में देखने वाले भगवान महावीर अहिंसा और अपरिग्रह के साक्षात मूर्ति थे। कॉलेज प्राचार्या डा. मुदिता भटनागर एवं उप-प्राचार्या डॉ. मिनी सपरा जी ने महावीर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि मानव जाति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले भगवान महावीर स्वामी जी का जीवन स्वयं ही उनका संदेश है।

# रमजान पाक महीने में गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ी नेकी: राफिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**महिला एक्टिविस्ट** एवं शिक्षिका राफिया खान ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने की भाई बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। उन्होंने कहा कि पूरे महीने खुदा के रहमतों की बारिश होती है। खुदा की नजर में रोजेदारों की दुआएं मकबूल होती है। खुदा उनकी इबादत को कबूल करते हैं और उसके बदले तमाम आलम-ए इंसान पर रहमतों की बारिश फरमाते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक म हीने में अपने आसपास के गरीब लोगों का खास तौर पर ख्याल रखें और उनकी हर जरूरत में उनका साथ दें। उन्होंने कहा कि हर गरीब की मदद करना ही इंसानियत है।उन्होंने कहा की रमजान के महीने में गरीब को



कपड़ा पहनाना भूखे को खाना खिलाना बहुत बड़ा सवाब है। जो व्यक्ति किसी की जरूरत को दुनिया मे पूरी करेगा, अल्लाह उसको ऐसे वक़्त में जन्नत में ठिकाना देगा। आओ इस मुबारक महीने में अपने गुनाहों की तौबा कर ले ओर अल्हा-रसूल के बताए गए रास्ते पर चले।

# वार्ड 4 में विकास कार्य में कोई कमी नहीं होगी: बबीता त्रिभुवन कौशिक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम सोनीपत के वार्ड 4 की निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने गांधी आवास सेक्टर 12 में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । निगम पार्षद बबीता तेरी बोल कौशिक ने कहा कि गांधी आवास की गलियों में व पेंच का निर्माण कार्य लगभग 18 लाख की लागत से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड 4 में विकास कार्यों की कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कार्य करे ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री में किसी प्रकार की कोताही ना हो। निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने वार्ड 4 के निवासियों से अपील की कि अगर उन्हें निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई भी कोताही नजर आए तो वह उनके संज्ञान में लाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वार्ड 4 में कोई भी सड़क व गली अधूरी नहीं होगी। इस मौके पर भाजपा नेता त्रिभुवन कौशिक भी मौजूद रहे।

### 25.8 ग्राम हेरोइन सहित घास मंडी का हन्नी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला कैंट में पुलिस ने ड्रग्स के साथ एक तस्कर को काबू किया है। आरोपी दिल्ली से हेरोइन खरीद अंबाला सिटी जा रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 25.08 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी की पहचान हन्नी भंडारी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक टीम अंबाला कैंट के स्वास्तिक चौक के पास गश्त पर तैनात थी। इसी बीच, गुप्त सूचना मिली कि दो खंबा चौक घास मंडी अंबाला सिटी निवासी हन्नी भंडारी हेरोइन बेचने का धंधा करता है। आरोपी आज भी दिल्ली से हेरोइन लेकर बस से अंबाला कैंट पहुंचेगा और यहां से ऑटो में बैठकर सिटी जाएगा। पुलिस सूचना के आधार पर बस स्टैंड के गेट पर ही तैनात हो गई।

# जजपा ने मनाया डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन जजपा पानीपत ईकाई द्वारा हल्का प्रधान धर्मबीर राठी गांजबड के पार्टी आफि स में फल व लड्डू बांट कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेश काला, संगठन सचिव देवेंद्र कादियान, हल्का प्रधान धर्मबीर राठी गांजबड, हल्का प्रधान सुरेन्द्र धोला, हल्का प्रधान बिजेन्द्र करहंस, दयानंद उरलाना, जयदेव नौल्था, टीपू पोडीया, महाबीर चंदोली, हल्का प्रधान सोहन लाल बठला, तेजा मलिक, आजाद सिवाह, शक्ती निंबरी, लेखराज खट्टर, सुभाष धीमान, सुमन नरवाल, लालचंद बिंझोल, लहणा सिंह, राजपाल फौजी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की लम्बी उम्र व हमेशा स्वस्थ्य रहने की कामना भगवान से की गई।

# राजस्थान के डॉक्टरों के समर्थन में आए अंबाला के प्राइवेट डॉक्टर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** राजस्थान में 'राइट टू हेल्थ' बिल के विरोध में डॉक्टरों ने मोर्चा खोला हुआ है। राजस्थान के डॉक्टरों को अब हरियाणा के निजी अस्पतालों के डॉक्टरों का भी समर्थन मिल गया है। आईएमए के आह्वान पर अंबाला में भी डॉक्टर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं ठप करके 24 घंटे के लिए हड़ताल पर चले गए हैं। अंबाला से आईएमए के पदाधिकारियों का कहना है कि राजस्थान में जो राइट टू हेल्थ बिल लागू हो रहा है, सभी डॉक्टर उसके विरोध में हैं। इससे डॉक्टर ही नहीं मरीजों को भी काफी नुकसान होगा। अगर सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो विरोध राष्ट्रीय स्तर पर होगा।



अंबाला कैंट और सिटी में अलग-अलग हड़ताल का असर देखने को मिला। सिटी में जहां डॉक्टरों ने काली पट्टी बांध स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रखीं। वहीं, छावनी में सभी अस्पतालों के बाहर नोटिस चस्पा किए गए। प्राइवेट अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।
आईएमए के आह्वान पर कैंट में निजी अस्पताल कल सुबह 6 बजे

**8 आईएमए के आह्वान पर अंबाला में भी डॉक्टर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं ठप करके 24 घंटे के लिए हड़ताल पर चले गए हैं**

तक बंद रहेंगे। इस दौरान ओपीडीसे लेकर इमरजेंसी सुविधाएं भी बंद रखी जाएंगी। बता दें कि हड़ताल के चलते कई मरीजों को बिना उपचार वापस लौटना पड़ा। उधर, प्राइवेट अस्पताल बंद होने के कारण सिविल अस्पतालों की इमरजेंसी में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन दोपहर बाद यह हड़ताल समाप्त हो गई। बिस्तरों से कम वाले निजी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों को आरटीएच से बाहर कर दिया है।

### कैलाश नगर की सोनाक्षी से ठगे 3.46 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में घर बैठे काम देने के नाम पर महिला से 3.46 लाख रुपए हड़प लिए। खुद के साथ हुए फ्रॉड का पता चलने पर महिला ने 4 माह बाद साइबर थाना पुलिस को शिकायत सौंपी है। अंबाला शहर के कैलाश नगर निवासी सोनाक्षी ने बताया कि दिसंबर 2022 में उसके पास एक कॉल आई, जिसने कहा कि वे घर बैठे काम देंगे। उसे कहा गया कि जॉइनिंग कार्ड के लिए 620 रुपए का भुगतान करना होगा। उसने ऑनलाइन भुगतान किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके बाद शातिर ठग ने सिक्योरिटी सर्विस चार्ज के नाम से कई बार में 3 लाख 46 हजार 219 रुपए हड़प लिए। वह दिसंबर से अब तक अपने स्तर पर पैसे वापस लेने के लिए प्रयास करती रही, लेकिन शातिर ठग उसकी रकम नहीं दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोलिबाज: बुर्राह का लेटेस्ट सिंगल, जो ट्रेडिशनल फ्रेंडशिप सॉन्ग को रीडिफाइन करता है




**नई दिल्ली।** क्या आप अपने पगले लेकिन प्यारे दोस्तों को डेडीकेट करने के लिए सही गीत की तलाश में हैं जो झूठे वादे करने में उस्ताद हैं? तो, हमारे पास है सिर्फ आपके लिए एकदम सही वाला ट्रैक! 'उड़जा' में अपनी यूनिक स्टाइल के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में एक लहर की तरह आने और तूफान की तरह छा जाने वाले, कोक स्टूडियो इंडिया में दमदार शुरूआत करने वाले बुर्राह ने सोनी म्यूजिक के साथ अपना लेटेस्ट सॉन्ग 'गोलीबाज' लॉन्च किया है। यह ट्रैक लॉयल्टी और डिवोशन का खुलकर ऐलान करने वाली एक ह्लरियलिस्टिक फ्रेंडशिप एंथमह्व है, जिसका अंत हमेशा हमारे फ्रेंड्स के द्वारा हमें और हमारे प्लान्स को 'गोली' देने के साथ होता है। शोकिड द्वारा निर्मित और बुर्राह द्वारा कंपोज्ड इस ट्रैक में आवाजें दी हैं बुर्राह और जिजी ने। बुर्राह, चारबिस और जिजी द्वारा लिखित, 'गोलीबाज' दोस्ती का एक खरा-खरा और मजेदार चित्र प्रस्तुत करता है और यह भी बताता है कि यार ही कैसे हमारे प्यार का फायदा उठाते हैं। फिर भी, गाना एकदम हल्के-फुल्के अंदाज में दोस्तों के साथ बनने वाले स्ट्रांग सपोर्ट सिस्टम को हाइलाइट भी करता है। कैची बीट्स और प्लेफुल लिरिक्स गाने को पूरी तरह से कॉम्प्लीमेंट करते हैं, यह उन सभी को जरूर सुनना चाहिए जिनके आखरी घड़ी में पर प्लान की वाट लगाने वाले दोस्त हैं।गोलीबाज के पीछे की प्रेरणा के बारे में बोलते हुए बुर्राह कहते हैं, "मैं एक ऐसा गाना बनाना चाहता था जो दोस्ती की सच्चाई को दिखाता है, दोस्तियाँ जो कई बार अनप्रेडिक्टेबल और इनकंसिस्टंट होती है।

### खरड़ में ट्रेंड्स ने खोला अपना स्टोर

**टीम एक्शन इंडिया/खरड़ (मोहाली)**
देश की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पैशलिटी चैन - ट्रेंड्स ने मोहाली जिले के खरड़ में अपना स्टोर




खोला है। कंपनी ने देश में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1 और 2 शहरों तथा छोटे छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाने का प्रयास किया जबकि ट्रेंड्स भारत का मनपसंद फैशन स्थल है। नया खुला यह स्टोर आधुनिक शैला से बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध है। 4753 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर खरड़ के अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर सामान विशेष आफर के माध्यम से प्रदान करवा रहा है।

# लेक्चरर एसो. के चुनाव की रूप रेखा तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत में आज लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की आगामी जिला प्रधान के चुनाव और राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के चुनाव बारे एक महत्वपूर्ण राज्यस्तरीय सभा बुलाई गई। सभा की अध्यक्षता संरक्षक रामफल सहरावत ने की। सभा में लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पिछले 3 सालों में लेक्चरर हित में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। राज्य प्रधान रविंद्र डिकाडला व वर्तमान चेयरमैन अनिल अहलावत ने एसोसिएशन की अनुशासन प्रियता और एकता पर विस्तार से चर्चा करी। राज्य




कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य सुरेश सैनी, सुनील नेहरा, महावीर गहलावत, बंसीलाल गुर्जर और संतोष ने आगामी दिनों में संगठन के गठन और चुनाव बारे बताया। जिला स्तरीय चुनाव के लिए बताया गया कि चुनाव केवल प्रधान पद के लिए होगा और निर्वाचित प्रधान अपनी कार्यकारिणी अपने विवेक से स्वयं बनाएगा। सभी जिला लेवल पर चुनाव करवाने के लिए राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और पूर्व जिला प्रधानों की भी बतौर रिटर्निंग ऑफिसर ड्यूटी लगाई गई। जिसमें कैथल में सुरेश सैनी, विक्रम बेनीवाल,डॉ.जितेंद्र समुंदर मोर, यमुनानगर में रविंद्र पंवार, लखमीर सिंह, कृष्ण दत्त और यश वर्धन, हिसार में बंसी लाल गुर्जर, सतीश बडगुर्जर और हितेश ग्रेवाल, नूह में उदय वीर सिंह, जगमोहन रावत, केहरी सिंह, पानीपत में सुरेश सैनी, विक्रम बेनीवाल, समंदर मोहर 23 अप्रैल को, पंचकूला में डॉ. देशराज, अनिल नैन, लखबीर सिंह, बलजीत सिंह, कुरुक्षेत्र में ईशम सिंह, विनोद प्रकाश, अरुण कुमार, पलवल में रामफल सहरावत ,डॉ.रविंद्र डिकाडला, महावीर गहलावत, सिरसा में सुरेश गोस्वामी, राजकुमार सुरा, महेंद्र विश्नोई और बंशीलाल गुर्जर 30 अप्रैल को, करनाल में अनिल नैन, बलजीत सिंह, नीकेंद्र, डॉ. सत्येंद्र, फरीदाबाद में उदय वीर सिंह, जगमोहन मौजूद रहे।

# गन्ने की ट्रालियों के तोल को लेकर अब नहीं होगा पानीपत व दूसरे जिलों के किसानों में टकराव

## भाकियू जिला कार्यकारिणी की मांग पर मिल प्रबंधन ने तोल को लेकर तय किया गया समय

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय** किसान यूनियन के जिला प्रधान सोनू मालपुरिया ने कहा कि पिछले कई दिनों से शुगर मिल में गन्ने की ट्रालियों के तोल को लेकर पानीपत व दूसरे जिलों के किसानों में आपस में टकराव व झगड़े हो रहे थे। जिला पानीपत के किसान अपनी गन्ने की ट्राली का पहले तोल करने की मांग करते थे जबकि दूसरे जिलों से पानीपत मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसान पहले तोलने को कहते थे और इसी के चलते पानीपत व दूसरे जिला के किसानों में आपस में झगड़े हो रहे थे। इसलिये उन्होंने शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने मिलकर इस समस्या का समाधान करवा दिया है। पानीपत के



गांव डाहर शुगर मिल में अब सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक तो पानीपत जिला के किसानों की ट्रालियों का तोल होगा और दूसरे जिलों से आने वाले किसानों के गन्ने का तोल रात को 10 बजे से लेकर शुबह 6 बजे तक होगा। इसके लिये किसानों के गन्ने की ट्रालियों की दो अलग-अलग लेन बनाई जाएगी। सोनू मालपुरिया मंगलवार को किसान भवन में किसानों से बातचीत कर रहे थे। वहीं सोनू मालपुरिया ने कहा कि

**8 गांव डाहर शुगर मिल में अब सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक तो पानीपत जिला के किसानों की ट्रालियों का तोल होगा**

पानीपत जिला के सैकड़ों किसानों की उत्तराखंड के इकबालपुर शुगर मिल की तरफ गन्ने की जो करोड़ों की पेमेंट बकाया है, उसमें से वहां के शुगर मिल प्रबंधन ने अभी यहां के 29 किसानों की 34 लाख रूपए की पेमेंट किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई है। इस मौके पर विरेंद्र समालखा प्रधान, कामरेड भीम सिंह, बलवान, हरी सिंह डाहर, रामकिशन आर्य, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजना में अंबाला प्रदेश भर में रहा प्रथम: के के गिल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
जल जीवन मिशन योजना के तहत जिला अम्बाला में ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत घरेलू पेयजल कनैक्शन उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत फाईव स्टार के साथ जिला अम्बाला हरियाण राज्य स्तरपर प्रथम स्थान पर रहा है। जिला अम्बाला में ग्रामीण क्षेत्र में शत-प्रतिशत घरेलू पेयजल कनैक्शन उपलब्ध करवाने के तहत प्रथम स्थान हासिल किया हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता के.के. गिल ने बताया कि राज्यों और जिलों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण सृजित करना, पुरूस्कार प्राप्त करने के लिए जिलों की प्रेरणा / आकांशा का लाभ उठाएं , प्रमुख संकेतकों पर ध्यान करने के लिए वृद्धिशील सुधार की निगरानी करे तथा जल जीवन मिशन के तहत तेजी से कार्यान्वयन के लिए जागरुकता पैदा करें जल जीवन सर्वेक्षण के लिए दृष्टिकोण के तहत जिलों की कवरेज के आधार पर रैंकिंग प्रगति के लिए बेसलाइन की तारीख 1 अक्टुबर है जिसमे 100% कवरेज/ एचजीजे जिले - फ्रंट रनर्स,75-100% कवरेज - हाई अचीवर्स , 50-75% कवरेज अचीवर्स, 25-50% कवरेज परफॉर्मर, 0-25% कवरेज आकांक्षी हैं मासिक स्नातक में उच्च श्रेणियों में जिलों का मासिक उन्यन और इसके आधार पर पुरस्कार और मान्यता व स्नातक होने के बाद नई श्रेणी के मानदंड के अनुसार जिले का मूल्यांकन किया जाएगा त्रैमासिक रैंकिंग में रिपोर्ट किए गए आईएमआईएस डेटा के आधार पर तिमाही रैंकिंग का प्रकाशन किया जाएगा । वार्षिक प्रत्यक्ष अवलोकन में विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न मापदंडों पर वार्षिक प्रत्यक्ष अवलोकन / कार्यक्षमता मूल्यांकन किया गया।

## संपादकीय

# बिहार से बंगाल तक हिंसा

**जिस** समय देश उल्लास और उत्साह के साथ राम भक्ति के रंग में डूबकर रामनवमी का पर्व मना रहा था उस समय कुछ शरारती तत्व अपने राजनैतिक आकाओं के बल पर हिंसा का तांडव रच रहे थे। रामनवमी के पावन अवसर पर बंगाल से बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र तक जिस प्रकार से चुन चुन कर रामनवमी झांकियों, यात्राओं और भक्तों पर पथराव तथा हिंसा की गई वह निंदनीय नहीं घृणित है और उससे भी अधिक घृणित है उस हिंसा को सही ठहराने वाले छद्म धर्मनिरपेक्ष लोगों का व्यवहार फिर वो चाहे कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री ही क्यों न हों। रामनवमी को हिन्दुओं पर हमले के रूप में प्रारम्भ हुयी हिंसा महाराष्ट्र के संभाजीनगर से बंगाल के हावड़ा से होती हुई बिहार के पांच जिलों और झारंखड के साहिबगंज तक पहुंच गई । भीषण उपद्रव और हिंसा के बाद महाराष्ट्र व गुजरात में तो स्थिति नियंत्रण में आ गई लकिन बिहार के पांच व बंगाल में कई इलाकों में हिंसा लगातार जारी है। बिहार व बंगाल के उपद्रवियों को पता है कि उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है तथा वह अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं और यही कारण है कि बिहार के दंगाग्रस्त क्षेत्रों से हिन्दुओं के पलायन के हृदय विदारक विडियो वायरल हो रहे हैं। भारत की राजनीति में सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि पहले तो सनातन हिंदू समाज के पर्वों व उनकी शोभा यात्राओं को हिंसक उपद्रवी तत्वों की ओर से जानबूझकर निशाना बनाया जाता है और फिर उसके बाद उनके तथाकथित सेकुलर राजनैतिक नेता टीवी चैनलों पर आकर हिंदू समाज और पीड़ित पक्ष को ही दोषी बताकर उपद्रवियों का हौसला बढ़ाते हैं। आज पूरा बंगाल व बिहार त्रस्त है। दोनों ही राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठ व रोहिंग्याओं की बाढ़ आ गई है जिसके कारण स्थानीय स्तर पर जनसंख्या संतुलन बिगड़ गया है। यही लोग दोनों ही राज्यों में अशांति का सबसे बड़ा कारण हैं । स्थानीय छद्म धर्मनिरपेक्ष दल अपने निहित स्वार्थों के चलते इनको प्रश्रय दे रहे हैं और उनकी अराजक गतिविधियों का समर्थन कर रहे हैं। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हरकतों व उनकी बयानबाजी के कारण ही हिंसा भड़की। रामनवमी के पहले वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए लिए केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गईं और फिर बयान दिया कि वह रामनवमी की शोभायात्रा को रोकेंगी नहीं लेकिन यदि किसी प्रकार का कोई उपद्रव या हिंसा होती है तो वह बख्शेंगी भी नहीं। माना जा रहा है कि उनके बयानों के कारण ही उपद्रवियो का हौसला बढ़ गया।हावड़ा व अन्य जगहों पर हिंदू समाज को रामनवमी मनाने से रोकने और डराने - धमकाने के लिए पत्थरबाजी की गई और बम फेंके गये।वाहनों, दुकानों को आग लगाई गई और जमकर लूटपाट की गई। बंगाल के वर्धमान जिले में एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी गई।आज पूरा बंगाल जल रहा है। आजकल हिंदू विरोधियों और उनके आकाओं ने हिंसा और उसके बाद के भाषणों का एक नया पैटर्न बना लिया है।

पहले उपद्रवी पत्थरबाजी, हमले और हिंसा करते हैं और उसके बाद उनके आका बयां जारी करते हैं कि शोभायात्रा में शामिल लोग जोर -जोर से डीजे बजा रहे थे या फिर वो मुस्लिम बाहुल्य वाले इलाकों से क्यों निकले या फिर किसी मस्जिद के सामने नारे क्यों लगाए ? यह राजनैतिक स्वार्थ सिद्धि का एक खतरनाक पैटर्न है। बंगाल के हावड़ा तथा अन्य जिलों में हुई हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंदू समाज पर ही आरोप मढ़ रही हैं और और अंतिम जांच रिपोर्ट आने से पूर्व ही जज बन गयी हैं।

# बेमौसम बारिश से फसलें खराब !



सुनील कुमार महला

“आंकड़ें. बताते हैं कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं से क्रमशः मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 5.23 लाख हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फसल को प्रभावित किया है। इससे उपज का नुकसान तो हुआ ही है साथ ही साथ किसानों के समक्ष कटाई व फसलों के भंडारण की समस्या भी पैदा हो गई है। इस समय बेमौसम बारिश की मार से आधा भारत बेहाल है और रह-रहकर हो रही बारिश से फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। ओलों व बर्फबारी से किसानों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इस बार मौसम किसानों का साथ नहीं दे रहा है। फसलों के खराबे से करोड़ों का नुकसान हुआ है। गेहूँ की पकी फसलें तो अधिक बारिश से जमीन पर गिर गई और गेहूँ का दाना बारिश से काला पड़ गया। सरसों की फसलों को भी बहुत नुकसान हुआ है”

**पिछले** कुछ समय से बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने कई राज्यों में किसानों के समक्ष बहुत बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। आंकड़ें. बताते हैं कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं से क्रमशः मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 5.23 लाख हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फसल को प्रभावित किया है। इससे उपज का नुकसान तो हुआ ही है साथ ही साथ किसानों के समक्ष कटाई व फसलों के भंडारण की समस्या भी पैदा हो गई है। इस समय बेमौसम बारिश की मार से आधा भारत बेहाल है और रह-रहकर हो रही बारिश से फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। ओलों व बर्फबारी से किसानों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इस बार मौसम किसानों का साथ नहीं दे रहा है। फसलों के खराबे से करोड़ों का नुकसान हुआ है। गेहूँ की पकी फसलें तो अधिक बारिश से जमीन पर गिर गई और गेहूँ का दाना बारिश से काला पड़ गया। सरसों की फसलों को भी बहुत नुकसान हुआ है। एक आंकड़ें. के अनुसार राजस्थान में कटी हुई व खेतों में खड़ी जीरे की 80 हजार हैक्टेयर की शेष फसल में 60 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान की आशंका है जिससे 1500 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने का अंदेशा है। ईसबगोल की फसल को भी काफी हद तक बारिश से नुकसान पहुंचा है।बताया जा रहा है कि ईसबगोल की 18 हजार हैक्टेयर फसल में 300 करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका है।जीरा और इसबगोल की फसल खराब होने से करीबन 1700 करोड़ का नुकसान हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान के अनेक भागों में हर वर्ष बारिश होती है और इससे खेतों में खड़ी व कटी दोनों ही फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। ओलावृष्टि ने कोढ़ में खाज का काम किया और इससे सरसों को नुकसान पहुंचा। खेतों में पानी भरने से रायड़ा की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। खेती ही नहीं अपितु बारिश, ओलों और बर्फबारी के साथ-साथ अंधड़, आंधी, तूफान ने संपूर्ण आम जन-जीवन अत्यंत असहज व अस्त-व्यस्त सा कर दिया है। आज लगातार ऋतु परिवर्तन हो रहा है, बेमौसम बारिश हो रही है। भारतीय कृषि को तो वैसे भी मानसून का जुआ कहा गया है, क्यों कि यहाँ बारिश का वितरण असमान रहता है और कभी भी बारिश हो जाती है और कभी भी सूखा पड़ जाता है। मार्च अप्रैल के आते आते खेतों में खड़ी फसलें पक जाती हैं और कटने के लिए तैयार होती हैं, ऐसे में बारिश, अंधड़,तूफान, ओलावृष्टि होती है तो किसानों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की पूरे साल की मेहनत मिट्टी में मिल जाती है। इस बार कहीं-कहीं तो बेमौसम बारिश का असर इतना अधिक रहा कि फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई।इस बार पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश हुई है, और ये सभी राज्य गेहूँ की फसल के बड़े उत्पादक राज्य हैं।बारिश ऐसे समय में आई है, जब फसल कटाई के लिए लगभग लगभग पककर तैयार थी। हाल फिलहाल पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है कि वास्तव में कितना नुकसान हुआ है। अंदेशा जताया जा रहा है सबसे ज्यादा नुकसान गेहूँ की फसल को ही हुआ है। नुकसान पचास प्रतिशत तक बताया जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो राजस्थान में 29.65 लाख हेक्टेयर के कुल बोए गए क्षेत्र में से लगभग 3.88 लाख हेक्टेयर गेहूं की फसल बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित हुई है। राजस्थान में गेहूं के अलावा सरसों, चना, जौ और अन्य सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। राज्य में बारिश के कारण करीब 1.54 लाख हेक्टेयर सरसों और 1.29 लाख हेक्टेयर चने की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। अगेती और पिछेती दोनों ही फसलों को बारिश, अंधड़, ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचा है। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का आधारभूत स्तंभ है। यह क्षेत्र न केवल भारत की जीडीपी में लगभग 15% का योगदान करता है बल्कि भारत की लगभग आधी जनसंख्या रोजगार के लिये कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। और यदि भारतीय कृषि का बारिश, ओलावृष्टि, अंधड़,तूफान के कारण खराबा होता है तो इससे निश्चित ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी कहीं न कहीं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ता ही है।असमय बारिश, अंधड, ओलावृष्टि से संपूर्ण उत्तर एवं मध्य भारत में गेहूं, सरसों, चना, इत्यादि की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालांकि जो फसलें मौसम की मार से बची हुई हैं, उन्हें भी तब ही सुरक्षित रखा जा सकता है, जब मौसम में बदलाव होगा अथवा उसमें स्थिरता आयेगी। भंडारण, फसलों की कटाई-छंटाई भी अच्छे मौसम में ही संभव होती है। आज धरती की जलवायु, मौसम निरंतर बदल रहा है, मौसम और जलवायु में आमूल चूल परिवर्तन आ गए हैं। हरित ग्रह प्रभाव, अलनीनो का असर धरती के पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। सच तो यह है कि बढ़ते ग्रीन हाउस प्रभाव से धरती के तापमान में बढ़ोतरी हुई है और तापमान बढ़ोतरी से बारिश का असमान वितरण है। आज बारिश की अनिश्चितताओं का सामना करने वाली फसलों के बीज तैयार करने की आवश्यकता है। फसलों को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए खेतों में जलनिकासी की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। किसानों को यह चाहिए कि वे समतल भूमि की बजाय खेतों में ऊंची मेड़ बनाकर खेती करें। इसके अलावा, हमारा फसल प्रबंधन भी सही होना चाहिए। वास्तव में, मौसम की मार किसान की कमर ही तोड़ देती है। किसान खेती करके प्रकृति का संरक्षण ही करता है, कभी विनाश नहीं करता। परंतु आज विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश हो रहा है। प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण भी असमय बरसात होती है अथवा कभी होती ही नहीं है, सूखा भी पड़ जाता है। आज पहाड़ों व वनों की कटाई तथा नदियों से रेत का अनवरत खनन प्रकृति के स्वभाव को लगातार बिगाड़ रहा है। जनसंख्या का दबाव शहरों में कूड़े के पहाड़ खड़े कर रहा है। सड़कों पर दौड़ते अनियंत्रित वाहनों से निकलने वाली गैसें पर्यावरण और ऋतुओं को भी प्रभावित कर रही हैं। वहीं प्रकृति से छेड़छाड़ का खमियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा है। धरती का संपूर्ण पारिस्थितिकीय तंत्र गड़बड़ी का शिकार हो गया है और आज हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती जा रही है। फसलों पर निरंतर पड़ रही मौसम की मार के कारण आम आदमी पर महंगाई की मार और अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि हमारे कृषि वैज्ञानिक इस समस्या का हल निकालने का प्रयास करें। आज जनसंख्या के बोझ ने राष्ट्र के लिये पहले ही बड़ी चुनौती खड़ी कर रखी है। वास्तव में, आज पौधारोपण को अधिकाधिक प्रोत्साहन, जल संरक्षण तथा कम पानी के प्रयोग वाली फसलें पैदा करने की जरूरत अति अहम हो गई है। बेमौसमी बरसात तथा ओलावृष्टि से नष्ट फसलों के लिए पर्याप्त मुआवजा आदि की व्यवस्थाएं भी की जानी चाहिए।किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और नवीनतम तकनीक आदि के बारे में भी समय-समय पर जागरूक किये जाने की जरूरत है। फसल बीमा योजना विभिन्न प्राकृतिक संकटों( ओलावृष्टि, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, पाला पड़ना) के जोखिम से क्षतिपूर्ति का एक अच्छा और बेहतरीन उपाय है।

## कविता

### धड़क रहा सीना किसान का

आसमां से बादल कर रहे बरसात,
धड़क रहा है सीना किसान का,
फसल तैयार खड़ी है खेतों में,
काटने को तैयार मन है किसान का,

लिया हुआ है कर्ज,चुकता करनी है बच्चों की फीस,
वादा जो आढ़ती से किया हुआ है किसान का,
अपने- अपने खेत की जमीन में,
खून-पसीना लगा है किसान का,

मौसम ने जो तेज हवा है चलाई,
विचलित सा मन हो रहा किसान का,
हवाओं और हो रही बरसात से,
दुःखी हो रहा तन- मन किसान का,

लगाई थी मेहनत और पूँजी,
खेत की फसल में बसा सपना किसान का,
बारिश और हवा से नष्ट हो जाए फसल,
दिल -जिगर रोता है किसान का

रामेश्वर देव

## बुराई तब बढ़ती है जब अच्छे लोग कुछ नहीं करते ?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

यदि आप कुछ ऐसा होने देते हैं जो स्वाभाविक रूप से बुरा या बुरा था जब आपके पास ज्ञान या अनुभव था कि घटना नैतिक रूप से गलत थी, तो आप "बुराई" को जीतने देंगे. उदाहरण के लिए, जब आप किसी बूढ़े व्यक्ति को लुटते हुए या किसी लड़की को छेड़ते हुए देखते हैं और आपने घटना के दौरान इसके बारे में निष्क्रियता को चुना। आपने महसूस किया होगा कि आप हस्तक्षेप नहीं कर सकते क्योंकि "यह आपके किसी काम का नहीं था"। या आपको डर था कि अगला निशाना आप ही होंगे। या हो सकता है, आपने मान लिया हो कि कोई और आगे आकर कुछ कहेगा। या आपने सोचा कि आप समय नहीं निकाल सकते। या आप यह भी सोच सकते हैं कि शायद आप स्थिति को गलत समझ रहे थे। या कोई कार्रवाई करेगा या आपके लिए कुछ कहेगा। पृथ्वी पर हर संभव कारण के बावजूद, हम बुराई को प्रबल होने देते हैं क्योंकि हम अलोकप्रिय होने से डरते हैं, डरते हैं या स्पष्ट रूप से, परवाह नहीं करते हैं। हमारी दुनिया ऐसे लोगों से भरी पड़ी है जो कुछ नहीं कर रहे हैं। जब आप बुराई को उंगली देते हैं, तो वे आप सभी को खा जाते हैं। तो, जो भी बुरी चीजें हो रही हैं, लोग इतने निष्क्रिय क्यों हैं? सबसे पहले, हम अभिजात वर्ग द्वारा इस तरह सोचने के लिए प्रोग्राम किए गए हैं। हमें अपनी देखभाल करना और स्कूल, खेल, काम, राजनीति, धर्म और बहुत कुछ में दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करना सिखाया जाता है। यह एक ऐसी रचना है जो हजारों वर्षों से चली आ रही है। हमने मूर्ति बनाना सीख लिया है और प्रत्येक मानव में वास्तविक मूल्य नहीं देखना सीख लिया है। लोगों के पास "मूर्तियां" होती हैं जिनका वे अनुसरण करते हैं और उन पर विश्वास करते हैं। आप केवल अपने स्वयं के "मूर्ति" क्यों नहीं हो सकते? आप अभी भी उन लोगों की सराहना कर सकते हैं जो महान चीजें बनाते हैं लेकिन सभी लोग बनाने में सक्षम हैं। यह उन घटनाओं की सटीक प्रतिकृति है जो अफगानिस्तान में तालिबान के काबुल पर नियंत्रण करने के साथ हुई हैं। दुनिया तालिबान की जीत और अफगानिस्तान से भागने की कोशिश कर रहे लोगों और इस प्रयास में कई लोगों के मारे जाने के साथ जो देख रही है, वह वास्तव में शुद्ध बुराई है। कोई इसे किसी भी तरह, आकार या रूप में सही नहीं ठहरा सकता। हम आराम से बैठकर इसे अपने कंप्यूटर स्क्रीन और टीवी स्क्रीन पर नहीं देख सकते। इसका मुकाबला करना ही होगा नहीं तो यह पूरी दुनिया में कैंसर की तरह फैल जाएगा। राष्ट्रपति बिडेन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन और तालिबान के बीच हुए भयानक शांति समझौते को देखते हुए वापसी के लिए उनके हाथ बंधे हुए हैं। लेकिन अफगानों को पिछले दो दशकों में अमेरिका द्वारा उनके साथ किए गए लाभ को बनाए रखने का बेहतर मौका देते हुए अमेरिकी सैनिकों को वापस लेने का एक तरीका अभी भी था। बिडेन ने अन्यथा चुना। जिस तरह से उन्होंने अमेरिकी सैनिकों की वापसी और अंततः प्रस्थान की घोषणा की - लड़ाई के मौसम की शुरूआत में, तेजी से समय रेखा पर और अफगान सरकार के साथ पर्याप्त समन्वय के बिना - हमें वर्तमान स्थिति में मिला है।

## विचार

# क्या है हिन्दू फोबिया का कारण

**डॉ नीलम महेंद्र**

**आज** जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है। तो दूसरी तरफ देश के कई हिस्सों में रामनवमी के जुलूस के दौरान भारी हिंसक उत्पात की खबरें आती हैं। एक तरफ हमारे देश में देश में धार्मिक असहिष्णुता या फिर हिन्दुफोबिया का माहौल बनाने की कोशिशें की जाती हैं तो दूसरी तरफ अमेरिका की जॉर्जिया असेंबली में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया जाता है। इस प्रस्ताव में कहा जाता है कि "हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान और शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। हिन्दू धर्म के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला जैसे प्राचीन ज्ञान को अमेरिकी समाज के लाखों लोगों ने व्यापक रूप से अपना कर अपने जीवन को सुधारा है।" एक रिपोर्ट के अनुसार 3.6 करोड़ अमरीकी योग करते हैं और 1.8 करोड़ ध्यान लगाते हैं। इन परिस्थितियों में प्रश्न यह उठता है कि क्या हिन्दू धर्म जिसे हम सनातन धर्म भी कहते हैं और "सनातन संस्कृति" भी कहते हैं इसमें ऐसा क्या है कि "हिन्दुफोबिया" जैसी भावना या फिर ये शब्द ही आस्तिव में आया? क्या है ये सनातन संस्कृति जिसका साक्षी भारत रहा है? क्या ये वाकई में अनादि और अनन्त है? वर्तमान में इस प्रकार के प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन समस्या ये है कि इन प्रश्नों के उत्तर किसी पुस्तक में तो कतई नहीं मिलेंगे। क्योंकि ये प्रश्न जितने जटिल प्रतीत होते हैं इनके उत्तर उससे कहीं अधिक सरल हैं। हमारे मन में यह विचार आ सकता है कि यदि हम वेद पुराण आदि पढ़ लें तो हमें इन सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। शायद ऐसा सोचने वाले लोगों के लिए ही कबीर ये पंक्तियां लिख कर गए थे कि पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित बना न कोय ढाई आखर प्रेम का पढ़े तो पंडित होय। देखा जाए तो इन सरल सी पंक्तियों में कितनी गहरी बात छिपी है। वाकई में अगर हम इन प्रश्नों के उत्तर खोजना चाहते हैं तो हमें किसी वेद पुराण या किसी किताब को नहीं बल्कि भारतीय समाज को,उसकी समाजिक व्यवस्था को बारीकी से समझना होगा। वो संस्कृति जो संस्कारों से बनती है। वो संस्कार जो पीढ़ी दर पीढ़ी मां से बेटी में और पिता से बेटे में स्वतः ही बेहद साधारण तरीके से चले जाते हैं। इस प्रकार एक परिवार से समाज में और समाज से राष्ट्र में ये संस्कार कुछ इन सहजता से जाते हैं कि वो उस राष्ट्र की आत्मा बन जाते हैं। लेकिन खास बात यह है कि संस्कार देने वाला जान नहीं पाता और लेने वाला समझ भी नहीं पाता कि कब एक साधारण सा व्यवहार संस्कार बनते जाते हैं और कब ये संस्कार संस्कृति का रूप ले लेते हैं। ये भारत में ही हो सकता है कि कहीं किसी गली या मोहल्ले में अगर कोई गाय ब्याहती है (बछड़े को जन्म देती है) तो आस पास के घरों से महिलाएं मिल जुल उसके लिए दलिया बनाकर उसे खिलाती हैं, उसके बछड़े के लिए घर से किसी पुराने कपड़े का बिछावन बनाती हैं। कहीं किसी नुक्कड़ पर यदि किसी कुक्कुरी ( मादा श्वान) ने पिल्ले दिए हैं तो आस पास के घरों से बच्चे उसके और उसके पिल्लों के लिए दूध और खाने का विभिन्न सामान लेकर आते हैं और माता पिता भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। ये भारत में ही होता है कि लोग सुबह की सैर के लिए निकलते हैं तो चींटियों और मछलियों के लिए घर से आटा लेकर निकलते हैं। ये भारत में ही होता है कि लोग अपने घरों की छत पर पानी से भरा मिट्टी का सकोरा और दाना पक्षियों के लिए रखते हैं। ये भारत में ही होता है कि हर घर की रसोई में पहली रोटी गाय के लिए और आखरी रोटी कुत्ते के लिए बनती है। ये छोटी छोटी बातें भारत के हर व्यक्ति का साधारण व्यवहार है जिससे कि इस सृष्टि के प्रति उसके दायित्वों का निर्वाहन अनजाने ही सहजता से हो जाता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## क्या सस्ती पब्लिसिटी पाने के लिए बागेश्वर सरकार के बोल बिगड़ते है ?

**अशोक भाटिया**

**बागेश्वर** धाम सरकार के नाम से मशहूर धीरेन्द्र शास्त्री अकसर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि साईं संत हो सकते हैं, फकीर हो सकते हैं, लेकिन भगवान नहीं हो सकते।देखा जाय तो उनके बयानों से वे मीडिया की सुर्खिया तो बनते है पर उनके विरोधियों को उनकी आलोचना करने का पूरा मौका मिल जाता है क्योंकि इसके पहले भी उनके कई विवादित बयान लगातार आते ही रहते है । बागेश्वर बाबा के विवादित बयान जिनने मचाया देश में बवाल की लम्बी लिस्ट है :-

1, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। इसमें एक भक्त बाबा के पास रोते हुए पहुंचता है और उनका पैर छूने की कोशिश करता है। लेकिन बाबा ने ये कहते हुए भक्त को वापस भेज दिया की, "हमें छूना मत अछूत आदमी!, बस मुझे छूना मत"। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने जमकर उनकी आलोचना की थी। हालांकि बाबा ने इस वीडियो पर सफाई देते हुए कहा था , "हम बाबाजी का मुगदर (गदा) लिए होते हैं तो हम छुआछूत से बचते हैं। बहुत से लोग मदिरापान करके या प्याज लहसुन वगैरह खाकर आते हैं। हम सब में राम देखते हैं तो फिर हम राम जी से प्रणाम कैसे करवाएं? हम उस दरबार से उठे हैं, जहाँ न कोई छोटा है और न कोई बड़ा।"2, 16 अप्रैल 2022, हनुमान जयंती के दिन हिंदू और मुसलमानों के बीच भड़की हिंसा पर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण ने कहा था की, "अगर तुम (हिंदुओं) अभी नहीं जागे तो ये (मुस्लिम) तुम्हें अपने गांव से भी भगा देंगे। इसलिए निवेदन है कि सभी एक हो जाओ और पत्थर फेंकने वालों के घर पर बुलडोजर चलवा दो। सरकार कब तक बुलडोजर चलवाएगी। 3. बाबा बागेश्वर ने ये भी कहा था कि 33 करोड़ देवी देवता हैं तो चांद को पूजने की क्या जरूरत? उनके इस बयान पर भी लोग काफी भड़क गए थे। वहीं एक और बयान में उन्होंने कहा था, 'सरकार कब तक गिराएगी बुल्डोजर से हिंदुओं को गिराना होगा।

## ढूँढ़ते रह जाओगे

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** प्रोफेसर साहब कुछ ढूँढ़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी उनका छात्र आया और उसने कहा - सर जी बड़ी देर से आप क्या ढूँढ़ रहे हैं? कहें तो आपकी मदद कर दूँ? बिना स्वार्थ के बेटा बाप तक को नहीं पूछता है ऐसे में कोई सामने से आकर सहायता के लिए हाथ बटाए तो किसे अच्छा नहीं लगता। सहायता की पेशकश करने वाले छात्र की बातें सुनकर प्रोफेसर साहब की आँखें चमक उठीं। उन्हें लगा कि कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे लोग अभी मरे नहीं हैं। अभी भी लोगों में ढूँढ़ने की थोड़ी-बहुत इच्छाशक्ति बची हुई है। प्रोफेसर साहब इससे पहले कुछ बोलते कि वे ठिठक कर रह गए। उन्होंने कहा झ्र शायद यह काम तुमसे न हो पाएगा। तुम रहने ही दो। अब भला कोई किसी के अहं पर चोट कर दे और सामने वाला चुप रह जाए यह इंसानी प्रवृत्ति का परिहास नहीं तो और क्या है। छात्र बोला झ्र सर जी आपको मेरी सहायता नहीं लेनी हो तो कोई बात नहीं, लेकिन मुझसे न हो पाएगा जैसी बातें मत करें। प्रोफेसर साहब को लगा जब छात्र इतना कह रहा है तो उसे भी ढूँढने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा झ्र मैं जनसागर में डूब गए इंसान की खोज में लगा हूँ जिसके गायब हो जाने से धरती एकदम सूनी सी लग रही है। वह मुर्गीपालन केंद्र में मुर्गियों की तरह कांक्रीट के बड़े-बड़े भवनों में कहीं छिपकर बैठा है। कांक्रीट के भवनों की छाया से आसपास में कुकुरमुत्तों की तरह उभर आयी झोपड़ियों के इंसान भी गायब-गायब हैं। कोई इंसान कैब ड्राइवर बन फरार है, तो कोई कूरियर ब्वाय धरती को थैले में भरकर अडम स्मिथ के इच्छा अनंत कथनानुपालकों तक पहुँचाने में दौड़े जा रहा है। इंसान अब हर काम उंगलियों पर कर लेता है। इसीलिए अगुलीमालों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर की चकाचौंध में मजदूरों की खोई मेहनत को ढूँढ़ रहा हूँ। मैं ढूँढ़ रहा हूँ भूगोल की पुस्तकों में खेती करने वाले किसानों की मेहनत को। मैं ढूँढ़ रहा हूँ उस जमीन को जिसे चंद मतलबी बादलों ने ढक दिया है। मैं नेताओं के टोलमटोल बातों में फंसकर एक-दूसरे का गला काटने वाले इंसानों की मारी गयी मति को ढूँढ़ रहा हूँ। उदासी के कोने में सिसिया रही मूकता तो शब्दों के होते हुए भी लिपि हीन बनकर रह गए निशब्दों को ढूँढ़ रहा हूँ।



# फसल बर्बादी को लेकर सडकों पर उतरेंगे किसान

## किसानों ने सरकार की किसान विरोधी सोच को लेकर जताया जोरदार रोष, किसान नेताओं ने किसान विरोधी सोच को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हरियाणा** में बेमौसम की बारिश से खराब हुई किसानों की फसलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने तेवर कड़े कर लिए है। किसान नेताओं ने किसान विरोधी सोच को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेताओं का कहना है कि हरियाणा सरकार किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं कर रही है। इससे साफ है कि किसान लूटने-पिटने के लिए मजबूर है। सरकार द्वारा अपनाई गई फसल क्षति पोर्टल सरकार की तिजोरी में बंद है। पोर्टल पद्धति लागू कर किसानों के साथ छलावा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पोर्टल की अपेक्षा प्रदेश के प्रत्येक गांव में फसल खराबा गिरदावरी के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाएं। इस विरोध में भाकियू ने 6 अप्रैल को सीएम सिटी करनाल की सडकों पर उतरकर कड़ा विरोध जताने का निर्णय किया है। यह निर्णय आज अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित किसान पंचायत में लिया गया। किसान पंचायत में भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान सहित कई बड़े किसान नेताओं ने भाग लिया। किसान पंचायत की अध्यक्षता करते हुए भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने खुले तौर पर कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की ओर कतई ध्यान नहीं दे रही है। यही हाल रहा तो किसानों की 6 से 8 महीने की मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य भर में लाखों एकड़ भूमि पर किसानों की गेहूं, सरसों की फसल के अलावा मौसमी सब्जियों की खेती की जा रही थी। पिछले दिनों प्रदेश में हुई बेमौसम की बारिश ने किसानों की फसलों पर कहर ढहा दिया। कटने के लिए तैयार गेहूं और सरसों की फसल की तो बुरी तरह बबार्दी हो गई है।
उन्होंने कहा कि किसान के पास माथे पर हाथ रखकर सिवाय रोने के कोई चारा नहीं बचा है। ऐसे हालात में किसानों को अपना सहारा सरकार नजर आती थी। लेकिन सरकार का कमजोर रवैया किसानों पर कुदरत से भी ज्यादा कहर ढहा रहा है। प्रदेश में चारों ओर फसल की बुरी तरह से तबाही हो गई है। चारों तरफ किसान और मजदूर वर्ग में हाहाकार मचा हुआ है। किसान को अपनी मेहनत का मेहनताना खोता नजर आ रहा है तो मजदूर के लिए खेत पर करने के लिए सीजन में काम नहीं बचा है।
रतन मान ने कहा कि खेतों पर गेहूं ओर सरसों की फसल जहां पूरी तरह से पककर सुनहरी होने के पश्चात कटने वाली थी, वहीं तेज बारिश और ओलावृष्टि के चलते दोनों फसल खेतों में जमीन पर पसर गई है। मौसम की मार लगातार पडने के कारण हालात इतने गंभीर है कि फसल अब धरती से ऊपर उठने का नाम नहीं ले रही है। दूसरी ओर सरकार की ओर से किसान के खेत पर उचित मुआवजा देने के लिए सही कार्रवाई नहीं की जा रही है।
उन्होंने कहा कि किसानों को झांसा देने के नाम पर सरकार ने पोर्टल बनाकर छोड़ दिया है। पोर्टल की अवधि मात्र 3 दिन देकर किसानों पर मानसिक दबाव बढ़ा दिया है। सरकार ने पोर्टल बनाया है तो प्रत्येक किसान के खेत की गिरदावरी का ब्यौरा आने तक पोर्टल लगातार खुला रहना चाहिए, लेकिन सरकार यहां किसानों की आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। इससे साफ है कि हमारा किसान और मजदूर वर्ग दोनों की सरकार के रवैये से खफा है। सरकार की ज्यादती को किसी भी हाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों का कहना है कि सरकार के पास एक मौका और है। 6 अप्रैल से पूर्व सरकार को किसानों की मांग पर ध्यान करते हुए प्रत्येक गांव में तीन सदस्य कमेटी का गठन कर दिया जाना चाहिए, जो किसान के खेत में मौके पर पहुंचकर गिरदावरी की वास्तविक रिपोर्ट तैयार करेगी।
प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह करते हुए कहा कि इस कमेटी में गांव का नम्बरदार, संबंधित कृषि विकास अधिकारी और पटवारी को शामिल किया जाए, अन्यथा हर तरह की रिपोर्ट किसानों के लिए बेईमानी साबित होगी।

# खालसा कॉलेज में हुआ पेपर रिडिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **गुरु** नानक खालसा कॉलेज की शोध एवं रचनात्मक लेखक सोसाइटी ने पेपर रिडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सोसाइटी के संयोजक डा. देवी भूषण ने बताया कि इंचार्ज प्रो. डा. अमरजीत कौर के निर्देशन में इस प्रतियोगिता में कॉलेज विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में अशमप्रीत कौर ने पहला, मोहित ने दूसरा तथा अमनप्रीत कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता। सहजप्रीत, अनमोल तथा मानसी को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। डा. सोनिया वधावन तथा प्रो. चेष्टा अरोडा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डा. देवी भूषण, डा. अमरजीत व प्रो. पूजा रानी ने मंच का संचालन किया।
कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस एवं प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने सफल आयोजन के लिए स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर डा. कृष्ण राम, प्रो. पूजा चौधरी तथा डा. प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### ई रिक्शा चालक को शराब पिलाने के बाद मोबाईल, नकदी, सामान चोरी किया

**गन्नौर: ई-रिक्शा** चालक को शराब पिलाने के बाद सवारी उसका मोबाइल फोन, नकदी, जरूरी दस्तावेज व ई-रिक्शा चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। ई रिक्शा चालक गांव राजलू गढ़ी में पीर मजार पर पूजा-अर्चना करने के लिए आया था। पीड़ित ने एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है। एफआईआर के मुताबिक, प्रवीन पुत्र लहरी सिंह निवासी गांधी नगर ने बताया कि उसने ई-रिक्शा ले रखी है जिसे वह गन्नौर शहर में चलाता है।
एक अप्रैल को शाम के समय रेलवे स्टेशन पर उसके पास दो लड़के आए और राजलू गढ़ी में पीर मजार पर जाने की बात कहकर बैठ गए। पीड़ित के अनुसार दोनों युवक पीर पर पूजा-अर्चना करने के बाद वापस आने के लिए ई-रिक्शा में बैठ गए। रास्ते में शराब ठेके से एक देसी शराब की बोतल ले लेने के बाद पीने लगे। आरोप है कि युवकों ने उसे शराब के साथ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, चक्कर आने के बाद वह बेसुध हो गया। आरोपी उसकी जेब से मोबाइल फोन, 800-900 रुपए की नकदी, जरूरी दस्तावेज व ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। वहीं, जांचकर्ता एसआई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विनोद धमीजा का चेयरमैन बनना तय: सुनील तुली



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत पंजाबी हरियाणा एकता मंच के जिलाध्यक्ष व ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया से नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील तुली ने आने वाले हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव के लिए विनोद धमीजा को चेयरमैन के लिए बढिया उम्मीदवार बताया व कहा कि विनोद धमीजा की प्रशासन में अच्छी पकड़ है। उनके बनने से व्यापारियों की समस्याओं का हल जल्द होगा। सभी को एकजुट होकर सर्वसम्मति से विनोद धमीजा को चेयरमैन बनाना चाहिए। ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरीया से सुभाष अनेजा ने भी विनोद धमीजा के लिए वोट की अपील की व कहा चैम्बर के वो ही सही उम्मीदवार हैं। ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया से प्रधान रोशनी फ ऊडेशन व समाजसेवी सतबीर गोयल ने भी विनोद धमीजा को भारी मतों से जिताने की अपील की व कहा हम सभी विनोद के साथ हैं। ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया से ही ईश्वर अग्रवाल ने भी भारी मतों से विनोद धमीजा को जिताने की अपील की।

# 'भगवान महावीर की शिक्षाएं अपनाकर शांति सुनिश्चित करें



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **अहिंसा** के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी की 2622वीं जन्म जयंती उत्साह एवं भक्ति भावनापूर्वक उत्तर भारत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज तथा शांतमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज की पावन निश्रा में श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर इंद्री रोड़ में मनाई गई। मुनि संयमेश, मुनि अभिनव, साध्वी जागृति, अनीता जैन, नितिन जैन, राशि जैन, सरिता जैन, प्रवीण जैन ने मधुर भजनों से प्रभु महावीर का गुणगान किया। कुंडल पुरी के लाल तेरी महिमा है अपार, भगवान महावीर तुम्हें नमस्कार नमस्कार, श्री महावीर भगवान मेरे मन मंदिर आ जाओ, आ लौट के आ जा महावीर तुझे तेरे भक्त बुलाते हैं, आदि भजनों ने सभी को भक्ति रस में डूबने पर मजबूर किया।
महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला और क्रांतिकारी समाजसुधारक तथा रूढ़िवादिता एवं पाखंड का पदार्फाश करने वाले महापुरुष के रूप में उनके कालजयी व्यक्तित्व का सविस्तार विवेचन किया। महापुरुष सूर्य से भी महान होते हैं, क्योंकि सूर्य अपने पीछे अंधकार छोड़ जाता है जबकि महापुरुष अपने जीवन काल के पश्चात भी आलोक रश्मियां जीवन प्रदर्शन सिद्धांतों के रूप में मानव मात्र के लिए छोड़ जाते है।
भारत संत गौरव मुनि पीयूष ने कहा कि भगवान महावीर ने ढोंग-पाखंड पर कठोर आघात किया तथा खोखले क्रियाकांडों पर जनमानस के झूठे विश्वास के महल की दीवारों को तर्क से तोड़ डाला। उन्होंने नारी व निम्न वर्ग के उत्थान के लिए सराहनीय रचनात्मक कार्य किए। भगवान महावीर की शिक्षाओं में अहिंसा का स्थान सर्वोपरि था। उन्होंने सभी प्राणियों में समान आत्म-तत्व की विद्यमानता का उपदेश दिया।

# सभी कार्यकता कल अपने अपने घरों पर फहराए पार्टी ध्वज: अमरजीत कोहली



**टीम एक्शन इंडिया/मतलोडा**
सभी कार्यकर्ता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल को अपने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराए। सभी पन्ना प्रमुख अपने आस पास के लोगों को भी घरों पर पार्टी का झंडा लहराने के लिए प्रोत्साहित करें। ये शब्द प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं भाजपा थर्मल मंडल प्रभारी सरदार अमरजीत सिंह कोहली ने गांव भादड़ की चौपाल में पन्ना प्रमुखों की बैठक लेते हुए कही। अमरजीत सिंह कोहली ने सभी पन्ना प्रमुखों को सरल ऐप डाउनलोड करवाया तथा उनकी जानकारी अपलोड करवाई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास विक्की ने की। बैठक में मुख्य रूप से भीम सिंह, रत्तन सिंह, हुकम सिंह, बलजीत सिंह तथा प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## भालौट ब्रांच में मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव

**गन्नौर: गली** सड़ी हालत में बजाना कलां के पास नहर में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में शव लगभग 8-10 दिन पुराना लग रहा है। मृतक का चेहरा क्षत- विक्षत होने के कारण उसके चेहरे से शव की पहचान नहीं हो रही। वहीं शरीर के कुछ भाग पूरी तरह से क्षत विक्षत हो चुके है। खुबड़ू झाल चौकी पुलिस ने शव को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को दिखाने के साथ आसपास के पुलिस थानों व चौकियों में सूचना दे दी है।

# भव्य रूप से मनेग बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**बाबा** साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती को यादगार बनाने के लिए संविधान चेतना मंच के सदस्यों ने अंबेडकर चौपाल गन्नौर में बैठक कर रुपरेखा तैयार की। बैठक की अध्यक्षता एस.पी किल्सन ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए किल्सन ने कहा कि मंच द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाने के साथ शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के संविधान के निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, मानवविज्ञानी और समाज सुधारक थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाकर दलित समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। बैठक को सम्बोधित करते हुए

**8 जयंती को यादगार बनाने के लिए संविधान चेतना मंच के सदस्यों ने अंबेडकर चौपाल गन्नौर में बैठक कर रुपरेखा तैयार की**

समाज सेविका पूनम टांक ने कहा कि जनार्दन सदाशिव रणपिसे, अंबेडकर के एक प्रबल अनुयायी और एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने 14 अप्रैल, 1928 को पुणे में पहली बार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। पूनम ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने की परंपरा शुरू की और तब से भारत हर साल 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश के रूप में अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने अछूतों के बुनियादी अधिकारों और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय संस्था बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन किया। इस अवसर पर डा. ओम सिंह, मनोज राठी, जितेन्द्र रंगा, टिंकू प्रधान, कुलदीप बेदी व बलदेव सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'सूर्य नमस्कार मानसिक-आध्यात्मिक बल भी प्रदान करता है'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **बरसात** के बावजूद भी मेरा मिशन स्वस्थ भारत के योग साधकों का जोश नहीं रुका और योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सभी ने फव्वारा पार्क योग कक्षा में जोशीले अंदाज में योग किया। बारिश की फुहारों के बीच साधक कक्षा में पहुंचे और विभिन्न तरह के योगाभ्यास किए, जिसमें विशेषतः सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।
उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक बल भी प्रदान करता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन हमारे पूरे शरीर के आंतरिक और बाहरी अंगों को स्वस्थ और निरोग बनाए रखते हैं। पृथ्वी पर सूर्य के बिना जीवन संभव नहीं है और सूर्य नमस्कार से सूर्य की ऊर्जा भीतर ग्रहण करके ऊजार्वान रहा जा सकता है। सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों को बहुत लाभान्वित करता है। हमारा शरीर तनाव और जीवन शैली के बदलाव के कारण टॉक्सिन इक्ा करता रहता है।
सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर के अनचाहे विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। कक्षा में योग शिक्षिका निधि गुप्ता और एनफ चौधरी ने भी योग साधकों को आसनों का अभ्यास करवाया। कक्षा में मौजूद साधकों पूजा, सुरेंद्र भूटानी, राहुल गेरा, अनुज जैन, विनीत, नरेंद्र चौधरी ने योग के उपरांत कहा कि योग की निरंतरता बहुत आवश्यक है और इसीलिए बरसात के बावजूद भी घर में न रहकर योग करना बहुत आवश्यक है, क्योंकि योग शरीर और मन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

**8 साधक कक्षा में पहुंचे और विभिन्न तरह के योगाभ्यास किए, जिसमें विशेषतः सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया**

# एनएफएल ने बनाया उत्पाद व बिक्री में रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**नेशनल फ**र्टिलाइजर्स लिमिटेड ने वर्ष 2022-23 के दौरान अपने प्लांटों में 122 प्रतिशत की ऐतिहासिक उत्पादन क्षमता का उपयोग करते हुए 39.35 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन कर-के एक नया रिकार्ड बनाया है। पिछले साल यह आंकड़ा 35.23 लाख मीट्रिक टन था। इसके साथ ही कंपनी ने औद्योगिक उत्पादों सहित सभी अन्य उत्पादों का भी रिकॉर्ड उत्पादन और बिक्री की है। यूरिया का रिकॉर्ड उत्पादन सभी संयंत्रों में अब तक की सबसे कम ऊर्जा खपत के साथ हासिल किया गया है। जिससे यूरिया के उत्पादन की लागत को कम रखने में मदद मिली है। बिक्री के मोर्चे पर कंपनी ने 66.72 लाख मीट्रिक टन की कुल उर्वरक बिक्री दर्ज की है जो कंपनी का अब तक का सबसे अच्छा बिक्री प्रदर्शन रहा है। इसमें 53.70 लाख मीट्रिक टन यूरिया की रिकॉर्ड बिक्री भी शामिल है। यूरिया के अलावा अन्य उर्वरकों आयातित की बिक्री के मामले में एनएफएल ने 10 लाख मीट्रिक टन का आंकड़ा पहली बार पार किया है। कंपनी ने कृषि रसायनों के क्षेत्र में भी 89 करोड़ रुपये की विक्री कर एक नए स्तर को छुआ है। औद्योगिक उत्पादों के मोर्चे पर कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक 974 करोड़ रुपए की बिक्री कर एक नया रिकार्ड बनाया है।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में दीप्ती ने हासिल की प्रथम रैंकिंग



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**भारतीय खे**ल प्राधिकरण साई के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र बहालगढ़ में मंगलवार दो दिवसीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। सांसद रमेश कौशिक व साई की निदेशक ललिता शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता का सीनियर रिकर्व महिला वर्ग की प्रथम रैंकिंग ए.आई.पी.एस.सी.बी. यूनिट की दीप्ती कुमारी ने हासिल की। उनकों 5 लाख रूपए के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि सीनियर कम्पाउंड महिला वर्ग की प्रथम रैंकिंग मध्यप्रदेश की राजिनी मार्को ने हासिल हुई। इसके अतिरिक्त जूनियर रिकर्व, जूनियर कम्पाउंड, सब जूनियर रिकर्व गर्ल्स व सब जूनियर कम्पाउंड गर्ल्स इवैंट हुई। खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता भारतीय तीरंदाजी संघ और हरियाणा तीरंदाजी संघ के बैनर तले हुई है। प्रतियोगिता में देश भर से करीब 100 महिला खिलाड़ी पहुंची, जिनमें से पहले दिन 96 खिलाड़ियों ने निशाने लगाते हुए अपने-अपने वर्ग में आगे कदम बढ़ाया है। सभी खिलाड़ियों का फाइनल मुकाबला मंगलवार को हुआ है। प्रतियोगिता के 6 वर्ग हुए हैं। प्रत्येक वर्ग की 16 तक रैंकिंग जारी की गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं हरियाणा तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैप्टन अभिमन्यु ने सोमवार को शुभारंभ किया था और इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के खेलों के प्रति प्रेरित किया था। साई की कार्यकारी निदेशक ललिता शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को सीखने के लिए मिलता और उनकों अपनी तैयारियों के बारे में पता चलता है। इस अवसर पर प्रशिक्षक असीम कुंडू, माझी स्वयम, राम अवधेश, विकास पांडेय, मोनिका, प्रियंका व प्रदीप शर्मा आदि मौजूद थे।

**8 सांसद रमेश कौशिक व साई की निदेशक ललिता शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# केवल पार्क में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कथा का आयोजन प्रभुकृपा कथा समिति के द्वारा किया जा रहा है। इसमें मुख्य यजमान श्रीमती विमला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय शमशेर सिंह गोयल, श्रीमती मिनाश्री गोयल एवं अजय गोयल, मंयक गोयल, जतिन गोयल एवं गोयल परिवार रहे। इस अवसर पर कथा ब्यास हिमेश शास्त्री जी महाराज मुथरा वाले ने उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा के महत्व की जानकारी दी और कहा कि कथा में जो बातें बताई जा रही है, उसको ध्यान से सुनते हुए यह बातें अपने जीवन में भी उतारे और हमेशा ही बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें और क्रोध का त्याग करें और सभी से मधुरभाव से बोले। इस अवसर पर पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल ने कहा कि इस प्रकार के कथा के कार्यक्रम जहां पर भी हो



रहे हो वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाये और प्रभु का सिमरन करें। इस मौके पर चेयरमैन सीताराम शीशे वाले, वरिष्ठ चेयरमैन रामकरण कंसल, संयोजक प्रकाश चंद अग्रवाल, मुख्य संरक्षक अनिल अग्रवाल, सहसंयोजक पवन मित्तल, सहसंयोजक जगदीश छाबड़ा, चौधरी सतपाल सहसंयोजक, विनोद जिन्दल सहसंयोजक, हरीकिशन गुप्ता सहसंयोजक, प्रधान अजय गोयल, महासचिव गोपाल खनेजा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल के अलावा मुख्य संरक्षक नारायण अग्रवाल, कैलाश चंद खंडेलवाल, अंशुमन वर्मा, राजीव नागपाल, संरक्षकों में सुभाष दीक्षित, मास्टर जयकिशन, अरविन्द मूलचंद, डॉ प्रदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अनुराग गर्ग, सुरेश गुप्ता, भूपेन्द्र जैन, राधेश्याम गुप्ता, रवि भारद्वाज, राधे मोहन गुप्ता, अनिल गुप्ता, देवेन्द्र खंडेलवाल, नरेश चंद खंडेलवाल, डॉ दिव्य कुमार, खुशीराम अग्रवाल, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, राम कुमार बराड़, नरेश टंडन, सुनील खन्ना, अशोक कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, रामलाल उनियाल, महेश गुप्ता, रवि वधवा, मंगत राय बिंदल, अनुभव धीर, खुशीराम अग्रवाल, मनोहर लाल किनरा, सुभाष आहूजा, जितेन्द्र आहूजा, नरेश खंडेलवाल, विजेन्द्र शर्मा, आत्म प्रकाश प्रदीप कुमार, वाईस चेयरमैन में विकास गुप्ता, सुरेश बंसल, सिकंदर मखीजा, राजेन्द्र मित्तल, राधेश्याम गुप्ता, विकास चौधरी, राजीव सिंघल, उपप्रधान में चन्द्रशेखर गुप्ता, विजय जिन्दल, राम अवतार गुप्ता, सुरेन्द्र जिन्दल, राम अवतार अग्रवाल, संजय संग सचिव में अशीष गोयल, अजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, अशोक बंसल, मुख्य सलाहकार सतीश अग्रवाल, कानूनी सलाहकार जतिन गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# नरेला: स्वतंत्र नगर में डीआर ग्रुप ने किया विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**के.**डी.आर ग्रुप द्वारा स्वतंत्र नगर में नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं देर शाम तक विशाल भंडारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। प्रमुख रियल एस्टेट ग्रुप के डीआर द्वारा नरेला के स्वतंत्र नगर स्थित गली नंबर-76 बी में अपने नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर महिलाओं और युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। दोपहर से शुरू हुए भंडारा वितरण का दौर देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ कर किया। इसके पश्चात नए कार्यालय में प्रवेश किया गया। इस अवसर पर केडीआर ग्रुप के चेयरमैन कपिल देव रोज ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान यह तीनों जीवन के लिए मूलभूत सुविधाएं हैं। मकान की जरूरतों को बिल्डर्स ही पूरा करते हैं हर आदमी का सपना होता है कि उसका अपना मकान हो यह सपना बिल्डर की पूरा करते हैं। वही रवीश भारद्वाज ने कहा कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट को लोग सबसे सुरक्षित मानते हैं। आज लोग रियल एस्टेट ग्रुप पर विश्वास करते हैं, केडीआर ग्रुप हमेशा से ही लोगों के भरोसे पर खरा उतरा है। भंडारे में वार्ड दो बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, लोकेश भारद्वाज, प्रमुख समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा, नरेश खत्री, प्रदीप भारद्वाज, विराट नरवाल, विष्णु गोयल, महेश गोयल, संजय अत्री, राजेश खत्री सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बी.कॉम. ऑनर्स की छात्रा अंकिता चौधरी को मिला सम्मान

**वार्षिकोत्सव...**

**= महाविद्यालय के सभागार में प्रतिभावान छात्राओं में अग्रणी अंकिता चौधरी को सम्मान स्वरूप एक प्रशस्ति-पत्र, एक प्रेरणादायक पुस्तक और सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।**


अंकिता चौधरी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के श्याम प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय के 54वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर कॉर्पोरेट कानून विषय में बी. कॉम. ऑनर्स प्रथम वर्ष की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंकिता चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सभागार में प्रतिभावान छात्राओं में अग्रणी अंकिता चौधरी को सम्मान स्वरूप एक प्रशस्ति-पत्र, एक प्रेरणादायक पुस्तक और सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित अभिभावकगणों के मध्य अंकिता के अभिभावक एवं समस्त चौधरी परिवार ईश्वर प्रदत्त अपनी इस कन्या- रत्न को उपलब्धि पर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा था। ये बलिकाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो भावी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। कार्यक्रम के अन्त में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावको के लिए जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई।


वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में महावीर जयंती पर आयोजित विशाल भंडारे के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में श्रीबालाजी समिति ने निकाली भव्य कलश यात्रा

## समिति के द्वारा अखण्ड रामायण, श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं सुन्दर कांड पाठ किया जा रहा है: संजय तिवारी और डॉ. एम.के. भारती







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीबाला जी समिति के द्वारा अखण्ड रामायण, श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर जानकारी देते हुए श्रीबालाजी समिति के प्रधान संजय तिवारी और उपप्रधान डॉ.एम.के. भारती ने बताया कि चार अप्रैल को अखण्ड रामायण पाठ व भव्य रूप में क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई और 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव और विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। श्रीबालाजी समिति के प्रधान संजय तिवारी और उपप्रधान डॉ.एम.के. भारती ने बताया कि जो सच्चे मन से प्रभु का सिमरन करते है। प्रभु उन सभी की अवश्य ही सुनते है इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर श्रीबालाजी समिति के प्रधान संजय तिवारी, उपप्रधान डॉ.एम.के. भारती के अलावा कोषाध्यक्ष विजय पंडित, सलाहकार विनोद कश्यप, सुमित कुमार, प्रचार मंत्री राजेश नागोरी, दिनेश कुमार, राहुल, मंत्री मुरारी, व्यवस्था मंत्री रूपेश राइकवार, परमानन्द, तीरथ राज, हरिबाबू, राकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'जल्द होगा पन्ना प्रमुखों का विशाल सम्मेलन'

## पार्टी ने पूरे प्रदेश में 5 लाख पन्ना प्रमुखों के घर पर ध्वज लगाने का लक्ष्य तय किया है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर पुराना ध्वज बदलकर नया ध्वज लगाकर नरेन्द्र मोदी को 2024 में तीसरी बाद प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेंगे। पार्टी ने पूरे प्रदेश में 5 लाख पन्ना प्रमुखों के घर पर ध्वज लगाने का लक्ष्य तय किया है।

सोनीपत विधानसभा के बूथ प्रमुखों एवं शक्ति केन्द्र प्रमुखों की पुरानी अनाज मण्डी स्थित अग्रसेन भवन में मंगलवार को आयोजित बैठक में ध्वज वितरण करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि गुजरात की तर्ज पर पन्ना प्रमुखों का



संगठन खड़ा करने की कवायद प्रदेश में फिर से भाजपा को विजयश्री दिलवाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरी तैयारी के साथ पन्ना प्रमुखों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि पन्ना प्रमुखों का दायित्व अपने पन्ने के 20-25 घरों के सुख-दुःख का ख्याल रखना, पार्टी की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना और अपने पन्ने को विधानसभा व लोकसभा मानकर पार्टी को चुनाव जितवाना है। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों को पार्टी की तरफ से पहचान पत्र भी वितरित किये जायेंगे ताकि उन्हें पार्टी नेताओं या प्रशासन के सामने पहचान बताने की आवश्यकता न पड़े।

बैठक में विशेष रूप से पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, नवीन मंगला, तरुण देवीदास, अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, सुनीता लोहचब, इन्दु वलेचा, संजीव वलेचा, अतुल जैन, सुरेन्द्र मदान, संजय वर्मा, भूपेन्द्र गहलावत, रविन्द्र दिलावर, नरेश वर्मा, सुरेश कथूरिया, पुरुषोतम शर्मा, चरण सिंह जोगी, नीरज, प्रवेश, पवन गुप्ता, अनिल जैन, नीरज आत्रेय, रेखा गर्ग, भावना शर्मा, नीतू, आरती आदि-2 उपस्थित रहे।

# अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 210 मरीजों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 38 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 30 मरीजों को टीम के साथ ऑपरेशन के लिए आज गुरुग्राम भेजा गया एवं 8 मरीजों को दिनांक 6 अप्रैल को भेजा जायेगा जब पहले वाले वापिस आ जायेंगे तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी



चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 210 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है जिससे कि गरीबों और वृद्धों का इलाज फ्री में किया जा सके। इस मौके पर समिति के प्रधान वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंगला, पवन अग्रवाल,कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन,डॉक्टर राजेश गुप्ता,रवि मित्तल, राजीव गर्ग, श्याम सुन्दर मित्तल, अनिल व डॉक्टर टीम के इंचार्ज सुभाष यादव, डॉक्टर योगेंद्र, मनीष, नेहा सिंह, संगम मलिक आदि मौजूद रहे।

# फसल बीमा योजना किसानों के साथ बड़ा धोखाः जयतीर्थ दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई के** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के रोहतक प्रभारी जयतीर्थ दहिया ने सरकार की फसल बीमा योजना को कटखरे में खड़ा किया है। दहिया ने साफ तौर पर कहा कि यह योजना किसानों के साथ बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों से मिलकर किसानों को लूटने वाली सरकार यदि पराली जलाने की घटनाओं पर सेटेलाइट से नजर रख सकती है तो बर्बाद फसल के बारे में सेटेलाइट से पता क्यों नहीं लगा सकती? पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने कहा कि हाल के दिनों में बारिश ने किसानों के अरमानों को चकनाचूर कर दिया है। बहुत से किसानों ने कर्ज लेकर काश्तकारी की थी, उनमें से ज्यादातर किसानों की 100 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। कर्ज तले दबे इन किसानों को सरकार ने अभी तक कोई राहत नहीं दी है। फसल बर्बाद हो गई है। किसान चिंता में है, सहमा हुआ है, लेकिन फसल बीमा योजना किसानों की कोई मदद नहीं कर रही। सरकार पोर्टल पोर्टल का खेल शुरू कर देती है और किसानों को खूब धक्के खाने को मजबूर किया जाता है। ताज्जुब की बात यह है कि पोर्टल पर अपलोड हुई जानकारी को तभी पुख्ता माना जाता है जब उसे डी.सी. या राजस्व अधिकारी पास करेगा। फिर पोर्टल पर जानकारी देने का क्या तुक है। इससे बेहतर है कि पटवारियों से धरातल पर करवाई जाने वाली गिरदावरी के आधार पर किसानों को मुआवजा दे दिया जाए। सरकार पूरी तरह से किसानों को बरगलाना चाहती है और किसी भी तरीके से मुआवजे से टलना चाहती है। यही कारण है कि किसानों पर अलग-अलग शर्तें थोंपी जा रही हैं। दहिया ने कहा कि पिछले 10 दिनों में किसानों की जो बबार्दी है, वैसी हाल के वर्षों में नहीं हुई है। सरकार को चाहिए कि किसानों के दर्द को समझे और तुरंत 35 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा जारी करे, लेकिन सरकार अपने फर्ज से भागना चाहती है और किसानों को एक बार फिर उनके हाल पर ही छोड़ देना चाहती है। उन्होंने कहा कि किसानों ऐसी बबार्दी के समय में अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। हमेशा किसानों के साथ खड़ी रहने वाली कांग्रेस एक बार फिर किसानों के लिए लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# 'जिले में मंगलवार को मिले कोरोना से संक्रमित 04 पॉजिटिव केस'

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 04 नया पोजिटिव केस मिले हैं और 01 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59932 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 640 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 15 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए।

# 'जीवन की राह दिखाते हैं भगवान महावीर के पंचशील सिद्धांत'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंगलवार को भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सुधीर जैन ने कहा कि हम सभी को भगवान महावीर के दिखाए अहिंसा के रास्ते पर चलना चाहिए। इस रास्ते पर चलकर ही दुनिया से आतंकवाद, लड़ाई और युद्ध को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करने से शहर, प्रदेश, देश ही नहीं बल्कि विश्व में सुख शांति स्थापित हो सकती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना भी की ।

चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि



वास्तव में जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर का जीवन ही उनका संदेश है । भगवान महावीर ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया । उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य से अवगत करवाया । इन्हीं सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर महावीर ' जिन ' कहलाए । उन्होंने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया । भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। यही उनका ' जियो और जीने दो ' का सिद्धांत है । सीईओ संजय जैन ने कहा कि महावीर ने एक राजपरिवार में जन्म लिया था। उनके परिवार में ऐश्वर्य, धन-संपदा की कोई कमी नहीं थी, किंतु युवावस्था में कदम रखते ही उन्होंने संसार की माया-मोह, सुख-ऐश्वर्य और राज्य को छोड़कर, सारी सुविधाओं का त्याग कर वे नंगे पैर पैदल यात्रा करते रहे। वे कठोर तप के माध्यम से अपनी समस्त इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए। उनका यह कठिन तप पराक्रम के सामान माना गया, जिस कारण उनको महावीर कहा गया और उनके अनुयायी जैन कहलाए। भगवान महावीर ने मानव को पर्यावरण के साथ मित्रता का संदेश भी दिया । उन्होंने ही बताया कि वनस्पति, भूमि, जल, अग्नि और वायु में भी जीव है, प्राण है इसलिए इनका भी अनादर हिंसा है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि भगवान महावीर ने अपने उपदेशों से दुनिया को सही राह दिखायी और पूरी दुनिया को अपना परिवार बताया। उन्होने कहा कि आप किसी से भी बैर ना करे सभी को अपना समझें और सभी की मदद करें। आदमी के साथ साथ दुनिया के सभी जीव जंतुओं और प्रकृति के प्रति भी प्रेम करने की बात उन्होंने कही।

# सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पारः उपायुक्त

**सोनीपतः** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं करवाया या जिनकी दूसरी डोज लगनी है।

# पंवार ने सरसों-गेंहू की खरीद का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, पार्षद नवीन तंवर, वार्ड-14 से सिद्धार्थ दहिया के साथ नई अनाज मंडी में पहुंचकर सरसो व गेंहू की फसल की खरीद का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों, आढ़तियों से फसल की खरीद के बारे में बातचीत की। किसानों व आढ़तियों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सरकार से मांग की है कि किसान की पूरी फसल की खरीद की जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार को किसानों ने बताया कि विभाग के मुताबिक 12 प्रतिशत तक नमी वाले गेंहू की खरीद की जा रही है। लेकिन बारिश की वजह से जिन किसानों के गेंहू में नमी



की मात्रा बढ़ गई है, उनकी फसल की खरीद नहीं हो रही, जिसकी वजह से किसान परेशान है। सरकार को प्रत्येक किसान की फसल को खरीदना चाहिए। इसके साथ ही सरसो की फसल का भी यही हाल है। सरसो में नमी की मात्रा 6 प्रतिशत तक निर्धारित की गई है, इससे अधिक नमी वाली सरसों की खरीद पर उचित मूल्य नहीं मिलता या फिर खरीद नहीं होती। इसके साथ ही 38 प्रतिशत तक तेल वाली सरसो की खरीद की जा रही है। किसानों ने बताया की दिन-रात खेतों में रहकर मेहनत के साथ फसल उगाई जाती है, यदि कुछ प्रतिशत सरसो में तेल की कमी हो जाए तो क्या किसान की गलती है, सरकार को प्रत्येक किसान की फसल खरीदनी चाहिए, ताकि सालभर की मेहनत खराब न हो। एक तरफ किसानों पर मौसम की मार है, दूसरी तरफ सरकार उनकी फसल पर कड़े नियम लगाकर उनकी फसल को उचित मूल्य पर नहीं खरीद रही है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज किसानों पर चौतरफा मार हो रही है, पहले मौसम की मार, दूसरी रजिस्ट्रेशन के हिसाब से फसल की खरीद हो रही है, ज्यादा फसल होने पर मंडी में फसल की खरीद नहीं होती, मजबूरीवश किसान को मार्किट रेट पर बेचनी पड़ती है।

# महावीर जयंतीः कम्युनिटी सेंटर में चलाया पौधारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/भगवान**
महावीर जयंती के अवसर पर जनहित अभियान फाउंडेशन व स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के द्वारा सेक्टर 12 के कम्युनिटी सेंटर में चलाया पोधा रोपण । इस अवसर पर जैन स्थानक सेक्टर 15 के महासचिव मामन चंद जैन ने पोधा लगा कर किया अभियान को शुरू।फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज की मुहिम में 20 पौधे लगाए। इस अवसर पर स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन जैन ने कहा की हम भविष्य में पोधा



रोपण करते रहेंगे। इस अवसर पर समाज सेवी मास्टर दिलबाग सिंह,पहलवान हवासिंह अंतिल,विनोद जैन,रमेश जैन,श्रीपाल जैन,महावीर अग्रवाल,सुभाष गुप्ता,,मास्टर दीपक मान सीए वरुण वत्स,सौरव जैन, मनोज, आदेश,सौम्या, दृष्टि, आन्या, अरमान, आशीष,लक्ष्य,उमश, अजू, आर्यन,उस्मान, आशू उपस्थित रहे।

# ओला ने अपने फिज़िकल फुटप्रिंट बढ़ाए

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**भारत** की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने एक ही दिन में देश में 50 एक्सपीरियंस सेंटर खोले हैं। यह इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देश में अपने एक्सपीरियंस सेंटर खोलते हुए लोगों के लिए अपनी उपलब्धता एवं सेवाएं आसान बना रहा है। कंपनी ने करनाल में वृंदा टॉवर, प्रीतम नगर, सेक्टर 14, करनाल, हरियाणा में अपने पहले ओला एक्सपीरियंस सेंटर की शुरूआत के साथ अपने डी2सी फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा की है। अंशुल खंडेलवान, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओला ने कहा, लोगों का अनुभव ज्यादा सुगम और दिलचस्प बनाने के लिए हम देश के सभी मुख्य शहरों में अपना ऑफलाईन विस्तार कर रहे हैं। हमारा मानना है कि अपने ऑफलाईन विस्तार की गति को बढ़ाना जरूरी है, ताकि देश के दूरदराज के इलाकों में स्थित लोग भी हमारे वाहनों और सेवाओं का सुगम अनुभव पा सकें।

# आरोपियों के पकड़े ना जाने पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

## सोनीपत पुलिस की करवाई पर फिर उठे सवाल 2 महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली मृतक परिवार को मिल रही है धमकियां

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**परिजनों ने** लगाया पुलिस पर आरोप पुलिस नहीं कर पा रही है अन्य मुख्य आरोपियों को सोनीपत गाँव बखतारपुर मे 29 जनवरी को धीरज और उसकी माँ को घर मे घुसकर घायल कर भागे आरोपी आज तक पुलिस हाथे नहीं आएं है जबकि धीरज उसी दिन रात को तेजदार हथियारों से घायल होने के कारण उसकी मृत्यु हो चुकी है और उसकी मा अभी भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हुई है उसको भी तेजदार हथियारों से घायल किया था। जिसकी तफ्तीश मुरथल थाना एवं




अन्य टीम कर रही थीं लेकिन आरोपी इतने शातिर है की आज 2 महीने बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जैसा की मृतक के भाई नीरज अंतिल ने बताया की जिस दिन ये हमला हुआ और मेरे भाई और मेरी माँ की करीब 12 से 13 आरोपी इकठा होकर आऐ और घर मे घुस गए और उनपे हमला किया जिमे मेरे भाई धीरज की इलाज के दौरान मौत हो गई और मेरी माँ को भी काफी छोटे आई है जिनका अभी भी इलाज चल रहा है। मृत्क के भाई नीरज ने बताया की पुलिस ने सबकी सीसी टीवी फुटज लेने और हमारे से दिखा कर आरोपियों की पहचान की गई जबकि आज करीब 2 महीने से ज्यादा का समय हो गया है अभी भी पुलिस प्रशासन अन्य मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# महिलाओं को पौष्टिक आहार के बारे में समझाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पोषण पखवाड़ा के तहत सरोज बाला सुपरवाइजर ने कबीरपंथी में एरिया की सभी महिलाओं को इकट्ठा कर उनको पौष्टिक आहार के बारे में समझाया सुपरवाइजर ने बताया कि हमें पोस्टिक आहार में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए। जैसे बाजरा, मक्का रागी ज्वार, इनको खाने से हमारे शरीर में सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो जाती है न गैस अफारा आदि की कोई भी समस्या नहीं होती, अगर हम मौसमी सब्जियों को भी अपने आहार में शामिल करते हैं। तो हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। कई महिलाएं गर्भवती के समय अपना ध्यान नहीं देती उनको समझाया कि वह अपना विशेष ध्यान रखें क्योंकि उनके पेट में एक और जान पल रही होती है जो पेट में रहते हुए बच्चे को सभी तरह के पोषक तत्व मिल जाते हैं।तो उस बच्चे को किसी बीमारी से भी ग्रस्त नहीं होता रोज बाला सुपरवाइजर सभी आंगनवाड़ी वर्कर को और वहां के एमसी मुकुल को धन्यवाद दिया कि वह एरिया के लिए विशेष ध्यान रख रहे हैं कि उनको किसी तरह की भी परेशानी होती है तो वह हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं कबीरपंथी के बच्चों का वजन लिया गया उनको नाखूनों छोटा रखने के यह बताया गया नाखूनों के अंदर बहुत सारे गंदगी भर जाती है जिसकी वजह से बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं अतः नाखूनों को हमेशा छोटे और स्वच्छ रखना चाहिए और बच्चों के नाखून काटे गए जब कोई भी महिला गर्भवती होती है। तो उसका वजन 9 महीने के दौरान कम से कम 12 केजी बढ़ना चाहिए खून की मात्रा भी 11 ग्राम और 13 ग्राम के बीच में होनी चाहिए।

# जवाहर नगर, प्रेम नगर के निवासी आवारा कुत्तो के काटने से परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** नगर निगम वार्ड नंबर 17 के अंतर्गत आने वाले जवाहर नगर और प्रेम नगर में रहने वाले निवासी आवारा कुत्तों की वजह से परेशान हो रहे हैं। गली मोहल्ले में आदमी कम और कुत्ते ज्यादा दिखाई देते हैं। आए दिन ये आवारा कुत्ते महिलाओ, बुजुर्गो ओर बच्चों के साथ युवाओं पीछे से हमला करते रहते हैं ओर काट लेते है। दर्जनों परिवार अपने मेडिकल प्रमाण पत्र लेकर मौजूद रहे। कॉलोनी वासियो ने समस्या से परेशान हो कर आज आम आदमी पार्टी सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम को अपनी कॉलोनी में बुलाया ओर समस्या से अवगत करवाया। देवेन्द्र गौतम ने बताया की इन आवारा कुत्तो ने 76 वर्षीय बुजुर्ग को काटने के साथ साथ दर्जनों परिवार के लोगों को हानि पहुंचाई है। आवारा कुत्तो



की संख्या लगातार वार्ड में बढ़ती जा रही है। देवेन्द्र गौतम ने निगम प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुवे कहा की गत दिनों सोनीपत में कुत्ते के काटने से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है लेकिन निगम प्रशासन ओर वार्ड प्रतिनिधि अभी गहरी नींद में सोये हुवे है। नगरवासियो की माने तो एक महिला जिसका मकान तीन गलियों से लगता है ओर तीनो गलियों में उन्होंने इन कुत्तो के डेरे बनाए हुवे है। नगरवासियो ने आरोप लगाया की अगर को व्यक्ति कुत्तो से बचाव के लिए डंडा भी मार देता है तो उनकी ऋक्क्ष करवाने की धमकी देने लगती है। महिला वुमन कार्ड खेलती रहती है जिस से पुलिस प्रशासन, निगम प्रशासन ओर स्थानीय प्रतिनिधि भी अवगत है। शिकायत देने के बाद भी सोनीपत जिले का प्रशासन, स्थानीय प्रतिनिधि, निगम प्रशासन सभी मुकदर्शक बने हुवे है। स्थानीय निवासियों की माने तो सरदारों वाली गली के नाम से मशहूर गली को आज लोग कुत्तो वाली गली से सम्बोधित किया जा रहा है जो बहुत निंदनीय है ओर प्रशासन के लिए सोचनीय बात है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की नगर निगम वार्ड 17 के अंतर्गत जवाहर नगर, प्रेम नगर के निवासी आवारा कुत्तो के काटने से परेशान एक परिवार अपना मकान छोड़ कहीं ओर चला गया है इसके साथ अन्य दर्जनों परिवार पलायन करने को मजबूर है। देवेन्द्र गौतम ने निगम प्रशासन ओर प्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुवे कहा अगर एक हफ्ते में ये कुत्ते यहाँ से नहीं हटाए गए तो नगरवासियो के साथ कुत्तो को गाडी में उठा नगर निगम दफ्तर को प्रतिनिधियों के घरों में छोड़ा जाएगा। जिसकी लाभ ओर हानि की पूरी जिम्मेवारी जिला प्रशासन, निगम प्रशासन ओर सरकार की होंगी। इस दौरान 100 नंबर पर कॉल कर स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है। लगातार नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की कुत्ते पालने के लिए लाइसेंस लेने की नोटिफिकेशन भी जारी हो चुकी है। कानूनी तरीके से इस पर कार्यवाही करते हुवे प्रशासन को जवाहर नगर, प्रेम नगर निवासियों को इन डर से निजात दिलानी चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# धामी ने वित्तमंत्री से की परियोजनाओं पर चर्चा

## मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री से सौंग बांध पेयजल परियोजना के लिए 1774 करोड़ की धनराशि का पूंजीगत व्यय को विशेष सहायता के अन्तर्गत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून/नई दिल्ली**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से सौंग बांध पेयजल परियोजना के लिए 1774 करोड़ की धनराशि का वित्त पोषण भारत सरकार के पूंजीगत व्यय को विशेष सहायता के अन्तर्गत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से देहरादून की पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून नगर और इसके उपनगरीय क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था मुख्य रूप से नलकूप के द्वारा की जा रही है, जिसके फलस्वरूप भूजल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है। देहरादून की बढ़ती हुई आबादी के कारण पेयजल की मांग निरन्तर तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके कारण वर्तमान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भविष्य की पेयजल मांग को पूर्ण करने में सक्षम नहीं होगी। इस समस्या के दृष्टिगत और भविष्य में सतत पेयजल की सुविधा प्रदान करने को गंगा नदी की सहायक नदी सौंग नदी पर 'सौंग बांध पेयजल परियोजना' प्रस्तावित है। इस परियोजना की कुल लागत रू0 2021 करोड़ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि परियोजना के निर्माण से 150 एम.एल.डी. पेयजल 'गुरुत्व' के माध्यम से देहरादून नगर व इसके उपनगरीय क्षेत्रों के लगभग 10 लाख आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। परियोजना के निर्माण उपरान्त पेयजल व्यवस्था की नलकूपों पर निर्भरता लगभग समाप्त हो जाएगी, जिससे भूजल दोहन में भारी कमी आएगी। इसके फलस्वरूप भू जल स्तर में बढोतरी होगी।

ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आयेगी। भविष्य में नए नलकूपों और उन पर होने वाले संचालन व रखरखाव सम्बन्धी व्यय में भी भारी कमी आएगी।



### 'टनकपुर-देहरादून के मध्य चलें जनशताब्दी'

**टनकपुर-देहरादून** के मध्य एक जनशताब्दी रेल सेवा संचालित करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिम कार्बेट नेशनल पार्क में देश-विदेश से पर्यटकों का निरन्तर आवागमन होता है। इसलिए दिल्ली-रामनगर शताब्दी एक्सप्रेस रेल सेवा संचालित किया जाना अति आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून से नई दिल्ली तक रेल की यात्रा करने के लिए वर्तमान में हरिद्वार होकर जाना पड़ता है। हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन सिंगल लेन है।

**मांग**

**देहरादून की बढ़ती हुई आबादी के कारण पेयजल की मांग निरन्तर तेजी से बढ़ती जा रही है**

### 'देहरादून-सहारनपुर रेल मार्ग प्रारंभ हो'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून/नई दिल्ली**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से टनकपुर-देहरादून के मध्य एक जनशताब्दी रेल सेवा और दिल्ली-रामनगर के मध्य शताब्दी एक्सप्रेस रेल सेवा संचालित किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेल मंत्री से देहरादून से सहारनपुर को मोहंड होते हुए रेलवे से जोड़ने के लिए टनल आधारित रेल लाइन परियोजना ओर ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाइन परियोजना का शीघ्र परीक्षण कराकर इसके निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने रेल मंत्री से हरिद्वार से वाराणसी वंदे भारत रेल बजट को प्रारंभ किए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी सुविधा



मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किच्छा-खटीमा नई रेल लाइन परियोजना की सम्पूर्ण लागत भारत सरकार द्वारा वहन किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने अनुरोध किया कि रामनगर-हरिद्वार - देहरादून सीधी रेल सेवा संचालित की जाए। पूर्णागिरी मेले की अवशेष आयोजन अवधि के लिए देश के विभिन्न स्थानों मुख्यत: नई दिल्ली, मथुरा और लखनऊ आदि से टनकपुर के लिए पर्याप्त संख्या में रेल सेवा का भी संचालन प्रारम्भ किया जाए।

**न्यूज फ्लैश**

## आकांक्षा दुबे की मौत मामले की सीबीआई से जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**भोजपुरी** अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत के मामले में मंगलवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल एडीएम सिटी के कार्यालय पहुंचा। अभिनेत्री की मां मधु दुबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने एडीएम सिटी की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री को सम्बोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन एडीएम सिटी के कार्यालय में सौंपा। मांगों में पूरे घटना की जांच सीबीसीआईडी या सीबीआई से कराने, 21 मार्च से लेकर 26 मार्च 2023 तक की सभी सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने आदि है। अधिवक्ता शशांक शेखर ने बताया कि आकांक्षा दुबे की मौत मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। इस मामले में प्रथम दृष्टया सारनाथ पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। मृतका आकांक्षा दुबे के चाचा द्वारा जो तहरीर थाना सारनाथ में दी गई थी। उस पर एफआईआर न लिखकर थाने में दरोगा ने बोलकर तहरीर लिखवाई। उनके चाचा द्वारा बार-बार हत्या किए जाने की बात कहे जाने पर भी आत्महत्या में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। अभिनेत्री की मां मधु दुबे पहले दिन से ही कह रही हैं कि उनकी बेटी की हत्या हुई है। उधर, आकांक्षा दुबे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार आकांक्षा के शरीर में सिर्फ गले पर फंदे की इंजरी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं हैं। इसको लेकर भी सवाल उठने लगा है। भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार पवन सिंह सोमवार की देर रात भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे के पैतृक गांव बरदहा पहुंचे। गांव में पवन सिंह ने अभिनेत्री की मां मधु दुबे, भाई और पिता के साथ परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि न्याय की लड़ाई में पूरा साथ देंगे। उन्होंने कहा कि मामले की पुलिस जांच कर रही है और हमें कानून पर पूरा भरोसा है। पीड़ित परिवार को न्याय जरूर मिलेगा।

## गेहूं की फसल में लगाई आग

**राजगढ़:** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुरा में रहने वाले 43 वर्षीय युवक से राजस्थान निवासी बाप-बेटे सहित चार लोगों के द्वारा झगड़ा प्रथा के तहत रुपयों की मांग की गई। रुपये नहीं देने पर उन्होंने खेत में रखी गेहूं की फसल में आग लगाकर नुकसान कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाप्रभारी उमेश यादव के अनुसार ग्राम तुलसीपुरा निवासी गजराज (43) पुत्र जयसिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम खास्या थाना मनोहरथाना झालावाड़ राजस्थान निवासी शिवनारायण पुत्र भूरालाल गुर्जर, उसका बेटा ओमप्रकाश, दयाराम पुत्र अमरसिंह और सुमेर पुत्र रामचरण गुर्जर झगड़ा प्रथा के तहत तीस लाख रुपए की मांग कर रहे हैं।

## कोझिकोड ट्रेन अग्निकांड में शाहरुख सैफी निर्दोष

**बुलंदशहर।** केरल के कोझिकोड ट्रेन अग्निकांड के मामले में शक के तहत उठाए गए शाहरुख सैफी से पूछताछ के बाद एटीएस टीम ने छोड़ दिया है। वह इस मामले में निर्दोष पाया गया है। वहीं, टीम के बर्ताव से परिजनों ने एटीएस और पुलिस की सराहना की है। शाहरुख ने बताया कि एटीएस की टीम उसे लेकर अपने साथ मेरठ चली गई थी। एक स्थान पर रखकर एटीएस ने करीब डेढ़ घंटे तक मामूली सवाल जवाब किए। वह बुलंदशहर, गाजियाबाद और दिल्ली में कारपेंटर का काम करता है।

## पं. धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ शिकायत दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साईं बाबा पर दिए गए बयान को लेकर मुंबई पुलिस में शिकायत की गई है। शिवसेना (उद्धव गुट) युवा सेना के नेता और शिर्डी साईं संस्थान के पूर्व ट्रस्टी राहुल कनाल ने सोमवार रात बांद्रा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत देकर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जबलपुर में भाजपा विधायक सुशील तिवारी ने 25 से 31 मार्च तक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री से कथा कराई थी। कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने प्रबुद्धजनों से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा था कि हमारे सर्वोच्च गुरु शंकराचार्य ने कभी भी साईं बाबा को देवता का स्थान नहीं दिया। शंकराचार्य हिंदू धर्म के प्रधानमंत्री हैं, इसलिए हर सनातनी को उनकी बात मानना बहुत जरूरी है। कोई भी संत चाहे हमारे धर्म का हो, दूसरे पंथ का या फिर तुलसीदास और सूरदास ही क्यों नहीं हों, ये लोग महान संत हो सकते हैं, युग पुरुष हो सकते हैं, लेकिन कोई भी भगवान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि लोगों की अपनी निजी आस्थाएं हैं। साईं बाबा संत हो सकते हैं, फकीर हो सकते हैं, भगवान नहीं हो सकते। गीदड़ की खाल पहनकर कोई शेर नहीं बन सकता।

**भावनाएं आहत हुई**

**लोगों की अपनी निजी आस्थाएं हैं। साईं बाबा संत हो सकते हैं, फकीर हो सकते हैं, भगवान नहीं हो सकते**

## कौशांबी पुलिस की चूक से बच निकले असद व गुड्डू

**टीम एक्शन इंडिया/कौशांबी**

**प्रयागराज** उमेश पाल व 2 पुलिसकर्मियों की निर्मम हत्याकांड को अंजाम देने के बाद असद और गुड्डू मुस्लिम कौशांबी होते हुए भागने के संकेत मिले हैं। माना जा रहा है कि वारदात के 4 दिन बाद 28 फरवरी को अतीक का बेटा असद व गुड्डू मुस्लिम अतीक के बहनोई एखलाख की कार से मेरठ के लिए निकले, लेकिन उनकी कार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बसेड़ी गाव के पास खराब हो गयी। जिसे शूटर बसेड़ी निवासी मोबिन उर्फ मुन्ना अंसारी की देख-रेख मे छोड़कर रोडवेज बस में बैठ कर निकल गए। शूटर्स के निकल जाने के बाद पुलिस को शाम बसेड़ी के ग्रामीणों ने लावारिस हालत में मिली कार की जानकारी दी। संदीपन घाट थाना के हर्रायपुर चौकी प्रभारी केके यादव तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यवाही करते हुए कार को अपने कब्जे के लेकर उसकी देखरेख करने वाले मोबिन उर्फ मुन्ना अंसारी व एक अन्य अज्ञात को पकड़ लिया। पुलिस सूत्र के मुताबिक 06 मार्च तक दारोगा केके यादव ने गाड़ी की जानकारी न तो थाना प्रभारी राकेश राय को दी और न ही पकड़े गए संदिग्ध से कार के संबंध मे पुख्ता जानकारी हासिल की। बताया जा रहा है कि दारोगा केके यादव ने 06 मार्च को संदीपन घाट थाना प्रभारी राकेश राय को कार मिलने की जानकारी देते हुए उसे लावारिस में दाखिल (लिखा-पढ़ी) कर पकड़े गए आरोपियों से मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ दिया।



**लापरवाही**

**निर्मम हत्याकांड को अंजाम देने के बाद असद और गुड्डू मुस्लिम कौशांबी होते हुए भागने के संकेत मिले**

## उप्र में सात आईपीएस का तबादला

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश सरकार ने सोमवार की देर रात को सात आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इनमें पांच आईपीएस को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन ने साइबर क्राइम लखनऊ में तैनात एसपी शिवहरि मीना को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं बनाया गया है। उनके अलावा विशेष अनुसंधान दल में तैनात सुभाष चंद्र शाक्य को कारागार विभाग में एसपी के पद पर नवीन तैनाती मिली है। हिमांशु कुमार को 23वीं वाहिनी पीएसी से हटाकर कारागार विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हरीश रावत ने वन विभाग के प्रमुख पद पर सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**वन विभाग** में वन प्रमुख का पद शासन के लिए समस्या का विषय बना हुआ है। वरिष्ठ वन सेवा के अधिकारी राजीव भरतरी को उच्च न्यायालय ने चार्ज दिलाने का निर्देश दिया था लेकिन जब वे वहां पहुंचे तो महावीर के अवकाश के कारण कार्यालय में ताला लगा मिला। अब इसी मामले को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीएम हरीश रावत ने सरकार को घेरा है। सीनियर आईएफएस अफसर राजीव भरतरी को ऑफिस की चाबी न मिलने के मामले में राज्य सरकार और ब्यूरोक्रेसी पर प्रश्न उठाए हैं।

## 'वीर सावरकर मुद्दे पर माफी मांगें राहुल'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**भारतीय जनता** पार्टी ने वीर सावरकर मुद्दे पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की है। साथ ही शिवसेना (ठाकरे गुट) पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे को घेरते हुए सवाल उठाया है कि अगर हिंदू साथ आ रहे हैं, तो इसका विरोध क्यों? आपने हिन्दू धर्म छोड़ दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिंदू रक्षा की भूमिका निभाई है। आपके पेट में दर्द क्यों होता है? भाजपा के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा को खत्म करने के आपके औरंगजेब के सपने पूरे नहीं होंगे।

भारत में कुल 2,334 राजनीतिक दल हैं और महाराष्ट्र में कुल 145 पंजीकृत दल हैं, इनमें 2 राज्य स्तरीय दल (एमएनएस और शिवसेना) हैं। इन सभी दलों के अलग-अलग राजनीतिक कार्यक्रम और नीतियां हैं, लेकिन महाराष्ट्र में उद्धव बालासाहेब ठाकरे समूह के पास कोई कार्यक्रम नहीं है, कोई नीति नहीं है, कोई विचार नहीं है।



**तैयारी**

### प्रदेश भर में 21 ट्रेनिंग सेंटर बनाए जाएंगे, कुल 83 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी

## गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम प्रधानों को मिलेगी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश के गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए योगी सरकार अब ग्राम प्रधानों, खंड प्रेरक, पंचायत सहायक और सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग देगी। इसके लिए प्रदेश भर में 21 ट्रेनिंग सेंटर बनाए जाएंगे। वहां अलग-अलग सत्रों में कुल 83 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी गांवों में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन को लेकर उचित कदम उठाने और इसके लिए ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के 25 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। हाल ही में ट्रेनिंग देने वाले मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया गया है।



**43,242 राजस्व गांवों के लिए लक्ष्य निर्धारित:** अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25 हजार 145 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके तहत 43 हजार 242 राजस्व गांवों को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन गांवों में प्रथम चरण में प्राप्त उपलब्धियों को आगे भी बनाये रखने के साथ ही ठोस एवं तरल कचरे के प्रबन्धन के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे।

इसी क्रम में ग्राम प्रधान, खण्ड प्रेरक एवं पंचायत सहायक आदि लगभग 83 हजर लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।वह वास्तविक रूप से गांवों में काम करेंगें। इन 83 हजार लोगों का प्रशिक्षण लखनऊ स्थित प्रिट कार्यालय के अलावा 20 जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) पर कराया जाना है।

